निष्पक्ष सोच, निडर अखबार
NO पेड न्यूज

# दैनिक सवेरा टाइम्स

www.dainiksaveratimes.com
पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा से प्रकाशित
अंधेरे से उजाले की ओर...

REGISTRATION NO. PB-JL-058/20-22 DAINIK SAVERA TIMES, JALANDHAR » पृष्ठ 10+4=14 » वर्ष : 13 » अंक : 06 जालंधर, रविवार, 20 अगस्त 2023 4 भाद्रपद, विक्रमी सम्वत् 2080 « शक सम्वत् 1944 « वीर सम्वत् 2549 « मूल्य : 3 रुपए




**अनमोल वचन**

दूसरों के साथ ऐसा व्यहार मत कीजिए जैसा व्यहार आप अपने साथ नहीं चाहते। यदि आप अपना सम्मान चाहते हैं तो किसी दूसरे का अपमान न करें।

### आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ की जनता को दी 10 गारंटियां

# अन्य पार्टियां झूठे चुनावी घोषणापत्र जारी करती हैं, हम गारंटी देते हैं और पूरा करते हैं : भगवंत मान

सवेरा न्यूज/नरेश,योगी

चंडीगढ़/जालंधर, 19 अगस्त : आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए गारंटी कार्ड का अनावरण किया। इस दौरान छत्तीसगढ़ की जनता को मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक सहित 10 गारंटियां दीं। इस दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी है। पहले राजनीतिक दल चुनाव घोषणापत्र जारी कर बड़े-बड़े वायदे करते थे। ये घोषणापत्र महज एक झूठ से भरे कागज के टुकड़ों तक ही सीमित ● शेष पृष्ठ 4 पर



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान गारंटी कार्ड जारी करते हुए।

### हम राजनेता नहीं, देश को नंबर-1 बनाने आए हैं : अरविंद केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सिर्फ आम आदमी पार्टी ही स्कूल, अस्पताल, रोजगार और विकास की बात करती है। 'हम' राजनेता नहीं हैं, अपने देश को नंबर वन बनाने के लिए काम करने आए हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस राज्य है लेकिन यहां के लोगों को 24 घंटे बिजली नहीं मिलती है। जब आप सरकार बनेगी तो लोगों को मुफ्त और 24 घंटे बिजली मिलेगी। सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारा जाएगा। सभी के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क होंगी। दिल्ली और पंजाब की तरह यहां भी मोहल्ला क्लीनिक बनेंगे और सभी को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि 'हमने' दिल्ली में 2 लाख सरकारी नौकरियां और 12 लाख प्राइवेट नौकरियां दी। 18 वर्ष से अधिक आयु की सभी महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह और बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा की सुविधा दी जायेगी एवं भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ बनेगा। शहीदों के परिवार को ● शेष पृष्ठ 4 पर






## अमरनाथ तीर्थयात्री की फिसलकर मौत, एक अन्य महिला घायल

सवेरा न्यूज/एजैंसी

श्रीनगर, 19 अगस्त : अमरनाथ यात्रा पर निकले एक तीर्थयात्री की उत्तरी कश्मीर के बालटाल मार्ग पर गुफा मंदिर की ओर फिसलने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि शुक्रवार को पवित्र गुफा से लौटते समय, बिहार के रोहतास जिले के तुम्बा गांव के विजय कुमार शाह (50) नामक एक तीर्थयात्री, एक महिला ममता कुमारी के साथ, काली माता मोड़ के पास लगभग 300 फीट नीचे फिसल गए और उनकी मौत हो गई और महिला घायल हो गई।

## प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश में आपदा को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक

● गृहमंत्री, रक्षामंत्री और भाजपा अध्यक्ष के साथ राहत कार्यों की समीक्षा की

सवेरा ब्यूरो

शिमला/नई दिल्ली,19 अगस्त : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण आई आपदा पर शनिवार को अपने आवास पर एक बैठक में हालात और राहत एवं बचाव कार्यों के लिए चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की। प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास-7, लोक कल्याण मार्ग पर लगभग एक घंटे तक चली इस उच्चस्तरीय बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के ● शेष पृष्ठ 4 पर


नरेंद्र मोदी


जेपी नड्डा

## लद्दाख में सेना का ट्रक नदी में गिरा, 9 जवानों की मौत

सवेरा न्यूज/एजैंसी

श्रीनगर, 19 अगस्तः लद्दाख क्षेत्र में शनिवार को सेना का ट्रक नदी में गिर गया। इस हादसे में सेना के 9 जवानों की मौत हो गई, जबकि अन्य 1 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा लेह से 150 किलोमीटर दूर न्योमा इलाके के कियारी में शनिवार दोपहर को हुआ। 10 सैनिकों को ले जा रहा सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर नदी में गिर गया। उन्होंने कहा कि हादसे में 9 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि अन्य 1 घायल हो गए। हादसे की खबर मिलते ही राहत और बचाव अभियान शुरू किया गया।

## कैग की रिपोर्ट से साबित हुआ कि 'उड़ान' योजना सिर्फ 'जुमला' : खड़गे

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्त : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को दावा किया कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट से यह खुलासा हुआ है कि केंद्र की महात्वाकांक्षी 'उड़ान' योजना 93 प्रतिशत हवाई मार्गों पर लागू नहीं है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि लोगों को इस योजना के नाम पर सिर्फ 'झूठ और जुमले' मिले हैं। सरकार ने द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों में जनता के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए 21 अक्तूबर, 2016 को 'उड़ान' (उड़े देश का आम ● शेष पृष्ठ 4 पर


मल्लिकार्जुन खड़गे

## हिमाचल में कालका-शिमला ट्रैक को दुरुस्त करने की योजना तैयार

सवेरा न्यूज/एजैंसी

**कायाकल्प करने पर 13 करोड़ खर्च होंगे**

शिमला, 19 अगस्तः हिमाचल प्रदेश की विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल सैक्शन की सुरक्षा को सुदृढ़ करने की योजना तैयार की गई है ताकि बारिश के कारण रेल सैक्शन बाधित न हो और ट्रेनों का संचालन नियमित किया जा सके। इस पर लगभग 13 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रेलवे की परियोजना परवान चढ़ी तो बारिश के दौरान विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल सैक्शन बाधित नहीं होगा और बिना किसी परेशानी के टॉय ट्रेनों का संचालन होगा। इसके तहत रेल सैक्शन का कायाकल्प करने पर 13 करोड़ खर्च होंगे। ● शेष पृष्ठ 4 पर






## सोशल मीडिया से रहें सावधान, सुप्रीम कोर्ट ने लोगों को दी सलाह



सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्त : सुप्रीम कोर्ट ने महिला पत्रकारों के खिलाफ 2018 में कथित तौर पर अपमानजक टिप्पणियों वाली एक फेसबुक पोस्ट साझा करने के मामले में अभिनेता एवं तमिलनाडु के पूर्व विधायक एस.वे. शेखर की ओर से दायर याचिका खारिज करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने वालों को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहना चाहिए। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ मद्रास उच्च ● शेष पृष्ठ 4 पर

## श्रीनगर के मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 'छड़ी-स्थापना' समारोह आयोजित

सवेरा न्यूज/एजैंसी


श्रीनगर, 19 अगस्त : छड़ी मुबारक के लिए 'छड़ी-स्थापना' समारोह शनिवार को यहां एक मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित किया गया। महंत दीपेंद्र गिरि के नेतृत्व में साधुओं के एक समूह ने 'छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी' की वार्षिक तीर्थयात्रा के सिलसिले में आज सुबह यहां बड़शाह चौक पर श्री अमरेश्वर मंदिर अखाड़ा भवन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ समारोह संपन्न कराया। पवित्र दंड के संरक्षक गिरि ने कहा कि पूजा लगभग 2 घंटे तक चली। छड़ी मुबारक को 26 अगस्त को पवित्र गुफा ले जाने तक, यहां ● शेष पृष्ठ 4 पर



# गैंगस्टर लॉरेंस से जुड़े हथियार सप्लाई गैंग के तार, बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लिया संपत नेहरा

## खन्ना पुलिस पूछताछ में जुटी, एमपी से गिरफ्तार बीएससी छात्र की गिरफ्तारी के बाद संपत का नाम सामने आया


लॉरेंस बिश्नोई


संपत नेहरा

सवेरा न्यूज/हरीश

खन्ना, 19 अगस्त : खन्ना पुलिस द्वारा बेनकाब किए गए इंटर स्टेट हथियार सप्लाई गैंग के तार लॉरेंस बिश्नोई से जुड़ गए हैं। लॉरेंस के राइट हैंड माने जाते संपत नेहरा उर्फ बलकारी वासी गांव कालोडी जिला चुरु (राजस्थान) को खन्ना पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई है।

संपत को बठिंडा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाने की खबर है। उसे दोराहा थाना में 4 अगस्त को दर्ज किए आर्म्स एक्ट केस में लाया गया है। एसएसपी अमनीत कौंडल और एसपी डा. प्रज्ञा जैन की निगरानी में सीआईए स्टाफ खन्ना में संपत नेहरा से पूछताछ हो रही है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि हथियार सप्लाई में मध्य प्रदेश से गिरफ्तार बीएससी छात्र वपिंदर सिंह की गिरफ्तारी के बाद संपत का नाम इस केस से जुड़ा।

उधर, इस पूरे में पुलिस ने कोई भी जानकारी देने से इंकार किया है। हाई फाई मामला होने कारण फिलहाल इसे गुप्त रखा जा रहा है। क्योंकि, संपत नेहरा से अहम खुलासे होने की संभावना है। इस बारे में पुलिस शायद किसी प्रैस कांफ्रैंस में ही खुलासा करे। संपत नेहरा मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। उसके पिता चंडीगढ़ पुलिस में एएसआई थे। इसलिए उसका परिवार चंडीगढ़ रहता था। पीयू में पढ़ाई के दौरान लॉरेंस से दोस्ती हुई और गैंगस्टर बन गया। संपत नैशनल प्लेयर था। उसे कई पुरस्कार भी मिले हैं।

### जेल में बैठे-बैठे लॉरेंस बिश्नोई का गैंग मजबूत

संपत नेहरा को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एचआर मैनेजर भी माना जाता हैं क्योंकि संपत जेल में बैठकर लॉरेंस का गैंग मजबूत कर रहा है। बताया जाता है अब तक 600 के करीब शार्प शूटर गैंग से जोड़े हैं। संपत ही सोशल मीडिया पर युवाओं को लालच देकर लॉरेंस गैंग से जोड़ रहा है।

### सलमान खान को मारने की थी योजना


सलमान खान

यह वो ही संपत नेहरा है जिसे लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान खान को मारने की जिम्मेदारी दी थी। संपत सलमान की रेकी करते उसके पास भी पहुंच गया था। लेकिन संपत के पास पिस्टल था उसकी रेंज ज्यादा नहीं था। इस लिए उसने निशाना नहीं लगाया था। इसके बाद वह हैदराबाद में पकड़ा गया था।

### मूसेवाला केस से जुड़ी पूछताछ


सिद्धू मूसेवाला

सूत्रों के हवाले से खबर है कि जैसे अभी यह खुलासा हुआ है कि सिद्धू मूसेवाला कत्ल कांड की योजना यूपी में बनाई गई थी। इससे जुड़ी पूछताछ भी संपत नेहरा से हो सकती है। क्योंकि, संपत नेहरा का लॉरेंस बिश्नोई गैंग को यूपी में प्रफुल्लित करने में भी अहम योगदान बताया जा रहा है।

# एच.आर. इंटरनैशनल के सुदर्शन शर्मा प्रधानमंत्री की उच्च स्तरीय कमेटी के सदस्य नियुक्त

सवेरा न्यूज/अशोक अनुज


सुदर्शन शर्मा

जालंधर, 19 अगस्त : आर्यसमाज के संस्थापक महार्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयन्ती को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में भारत सरकार ने एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस उच्चस्तरीय समिति में आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के प्रधान, प्रमुख उद्योगपति, समाज सेवक एवं एच.आर. इंटरनैशनल के मैनेजिंग डायरैक्टर सुदर्शन शर्मा को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। इस समिति को कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए दिशा निर्देश प्रदान करना है। आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब ने भारत सरकार का इसके लिए आभार व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री मान ने तीरअंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली महिला खिलाड़ियों को दी बधाई


स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय लड़कियां।

● कहा- पंजाब की खिलाड़ी परनीत कौर ने राज्य का नाम रोशन किया

सवेरा न्यूज/नरेश, योगी


भगवंत मान

चंडीगढ़/जालंधर, 19 अगस्त : मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पैरिस में चल रहे तीरअन्दाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय लड़कियों की टीम को बधाई दी। एक बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बड़े गौरव की बात है कि इन लड़कियों ने इस विश्व कप में स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि विलक्षण प्राप्ति हासिल करते हुए भारतीय लड़कियों की टीम ने मैक्सिको को कम्पाऊंड महिला टीम के फाइनल में 234-233 के साथ हरा कर स्वर्ण पदक जीता। भगवंत मान ने कहा कि भारतीय महिला कम्पाऊंड टीम ने विश्व कप में पहली बार स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी बड़े सम्मान की बात है कि मानसा जिले के गांव मंढाली की लड़की परनीत कौर टीम का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए और भी गौरव की बात है कि इस लड़की ने कोच सुरिन्दर सिंह रंधावा से ट्रेनिंग लेकर टीम को जीत हासिल करने में अपना योगदान डाला। पटियाला के सुरिन्दर सिंह रंधावा भारतीय टीम के भी कोच हैं।

## तड़के 'च रड़का

विश्वा मित्र




# मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार लोगों को बुनियादी सहूलियतें देने के लिए वचनबद्ध : बलकार सिंह

● स्थानीय निकाय मंत्री ने जलालाबाद के विधायक के साथ विकास कार्यो को लेकर की मीटिंग


मंत्री बलकार सिंह विकास कार्यों को लेकर विधायक जगदीप कम्बोज गोल्डी के साथ मीटिंग करते हुए।

सवेरा न्यूज/राजेश योगी

जालंधर, 19 अगस्त : मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य वासियों को बुनियादी सहूलतें, साफ- सुथरा और प्रदूषण रहित वातावरण मुहैया करवाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। इसी दिशा में एक कदम आगे ले जाते हुए स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह द्वारा जलालाबाद से विधायक जगदीप कम्बोज गोल्डी के साथ उनके हलके से संबंधित अलग- अलग विकास कामों के मूल्यांकन संबंधी मीटिंग की गई। कैबिनेट मंत्री की तरफ से विश्वास दिलाया गया कि जलालाबाद के विकास में तेजी लाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। मीटिंग के दौरान कैबिनेट मंत्री और विधायक के बीच जलालाबाद में बुनियादी ढांचे के विकास, अवशेष प्रबंधन, सेनिटेशन और नागरिक सहूलतें जैसे नाजुक पहलूओं पर बहुत गहराई से चर्चा की गई। उन्होंने समूचे शहरी लैंडस्केप को बढ़ाने के लिए कीमती सूझ प्रदान की। स्थानीय निकाय मंत्री बलकार सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार के पास राज्य के विकास कामों के लिए फंडों की कोई कमी नहीं है। राज्य में चल रहे और नये बनाऐ जाने वाले विकास कामों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। इस मौके पर मीटिंग में स्थानीय निकाय विभाग के सचिव अजॉय शर्मा और डायरैक्टर उमा शंकर गुप्ता और अन्य उपस्थित थे।

# सब-इंस्पैक्टर के मामले में कार्रवाई करे सरकार : लक्ष्मीकांता चावला

सवेरा न्यूज/नीर


लक्ष्मीकांता चावला

अमृतसर, 19 अगस्त : पूर्व मंत्री प्रो. लक्ष्मीकांता चावला ने कहा कि बीते 5 दिन से यह समाचार आ रहा है कि गुरदासपुर के एक विधायक ने अपने घर में बुलाकर सब इंस्पैक्टर को पिटवाया है। अगर यह सच है तो बहुत ही दुखद है। सरकार की ओर से इस विषय में कोई बयान नहीं आया। मीडिया व सोशल मीडिया में फोटो भी दिखाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कोई एमएलए हो या सांसद, जो ड्यूटी दे रहे पुलिस कर्मी को पीटता या पिटवाता है। वह कानून की भाषा में अपराधी है। प्रो. चावला ने कहा कि कानून के अनुसार ड्यूटी से रोकना या यूनिफार्म पर हाथ डालना बहुत बड़ा अपराध है।

# पी.एन.बी. ने श्री देवी तालाब मंदिर चैरीटेबल अस्पताल को भेंट की एंबुलैंस, संस्था की दी सिलाई मशीनें

सवेरा न्यूज/सतीश शर्मा

जालंधर, 19 अगस्त : देश के अग्रणी राष्ट्रीकृत बैंक पंजाब नैशनल बैंक (पी.एन.बी.) ने श्री देवी तालाब मंदिर चैरीटेबल अस्पताल को एंबुलैंस भेंट की है।

इस उपलक्ष्य में अस्पताल में एक समारोह आयोजित हुआ, जिसमें बैंक के अंचल प्रबंधक प्रवीण गोयल ने मुख्य रूप से शामिल होकर प्रबंधकों को एंबुलैंस की चाबी भेंट की। इस मौके पर अस्पताल प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन और दैनिक सवेरा के मुख्य संपादक श्री शीतल विज, वरिष्ठ उप प्रधान ललित गुप्ता और एडमिन चंद्र खुराना समेत अस्पताल के विशेषज्ञों की टीम भी मौजूद रही।

इस दौरान श्री शीतल विज ने अंचल प्रबंधक को अस्पताल में उपलब्ध कराई गईं स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस बीच बैंक की ओर से नारी चेतना वैल्फेयर सोसाइटी को सिलाई मशीनें भी भेंट की गईं। इसके उपरांत बैंक के अंचल प्रबंधक प्रवीण गोयल ने श्री देवी तालाब मंदिर में माथा टेक कर मां का आशर्वाद भी प्राप्त किया।



पंजाब नैशनल बैंक के अंचल प्रबंधक प्रवीण गोयल श्री देवी तालाब मंदिर चैरीटेबल अस्पताल के चेयरमैन और 'दैनिक सवेरा' के मुख्य संपादक श्री शीतल विज व अन्य प्रबंधकों को एंबुलैंस की चाबी भेंट करते हुए। *(सभी फोटो-रणजीत सिंह)*



पंजाब नैशनल बैंक की ओर से श्री देवी तालाब मंदिर में आयोजित सिलाई मशीन वितरण समारोह का शुभारंभ करते बैंक के अंचल प्रबंधक प्रवीण गोयल और श्री शीतल विज, साथ हैं नारी चेतना वैल्फेयर सोसायटी की पदाधिकारी।


मां चामुंडा धाम की रवानगी से पूर्व जय मां सेवा संघ के महासचिव और विधायक रमन अरोड़ा, प्रधान नरवीर सिंह, राकेश जसूजा, सुनीता गुंबर, सतपाल गुंबर, दर्शन लाल और मोहिंदर पाल को सम्मानित करते हुए 'दैनिक सवेरा' के मुख्य संपादक शीतल विज, पी.एन.बी. के अंचल प्रबंधक प्रवीण गोयल और अन्य।

# युवाओं के लिए कौशल विकास और नौकरियों पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया : विक्रमजीत साहनी


विक्रमजीत साहनी

सवेरा न्यूज/नरेश (चंडीगढ़), 19 अगस्त : राज्यसभा सदस्य के रूप में एक वर्ष पूरा होने पर अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि उनके द्वारा पंजाब के युवाओं के लिए कौशल विकास और नौकरियों पर मुख्य ध्यान केंद्रित किया है। इस वर्ष के दौरान हमने अपने कौशल विकास केंद्रों से युवाओं को प्रशिक्षित करने के बाद 2,000 नौकरियां प्रदान की हैं। मैं हर साल 10,000 नौकरियां पैदा करने के लिए 10 और विश्व स्तरीय कौशल विकास केंद्र भी स्थापित कर रहा हूं, जिनमें से लुधियाना में एक अत्याधुनिक उत्कृष्टत कौशल विकास केंद्र का काम लगभग पूरा हो चुका है और अगले महीने से प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। साहनी ने कहा कि मेरे पहले वर्ष के दौरान सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक मानव तस्करी विरोधी अभियान 'मिशन होप' है, जिसे हम पंजाब की महिलाओं व युवाओं की सुरक्षा के लिए चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने प्रयासों के माध्यम से वह इन सभी फसें हुए पंजाबियों को बचाने में सफल हो पाए।

## चाचा चंडीगढ़िया



### राहुल गांधी नूं इह सब कराऊण दी लोड़ की पै गयी

**भतीज, आह** की नवीं स्टोरी शुरू हो गयी है बयी? राहुल गांधी दी पार्टी 'च आह की नहीं चर्चा चालू हो गयी आ? मणिपुर तों कांग्रेस दी लीडर इह केहन लग्गे ने के राहुल मणिपुर तों लोकसभा दा इलैक्शन लड़े ते यूपी वाले केहण लग्गे ने के राहुल यूपी ते अमेठी तों है इलैक्शन लड़े ते वड्डी जित्त हासिल करेगा। भतीज, भला राहुल गांधी नूं इह सब कराऊण दी लोड़ की पै गयी है? राहुल ने कित्थों इलैक्शन लड़ना है, इस दा फैसला किसे होर ने ते करना नहीं ना। ना ही किसे दे केहन ते ओहऐ फैसला करना है के ओह कित्थों लड़े इलैक्शन। फेर आह सब क्यों हो रिहा है, कुज्ज समझ आया है तेरे? मैं हो सकदा है के गलत ही होवां पर भतीज, मैनूं ये लगदा है के केरल 'च वी कुज्ज गड़बड़ है जित्थों इस वेले राहुल गांधी एमपी है। मैनूं ते लगदा है के राहुल 2024 'च अपनी सीट बदलना चौहन्दा है ते सिर्फ इस लयी ही ग्राउंड बनाई जा रही है। अखीर ते आ के राहुल केह देवेगा के मैं पब्लिक दी डिमांड ते केरल छड्ड के मणिपुर या यूपी चों लड़ रिहा हां। तूं दस्स, ठीक नहीं मेरी गल्ल?

chachasavera@gmail.com

# स्टालवाट्र्स वर्ल्ड स्कूल ने पाया पर्यावरण अनुकूल बुनियादी ढांचे के लिए उत्तर भारत का सर्वाधिक प्रशंसित स्कूल का पुरस्कार

● यह पुरस्कार उत्तर भारत के केवल 4 स्कूलों को दिया जाता है

सवेरा न्यूज/अजय

अमृतसर, 19 अगस्त : सर्व ऋतु सेवा फाऊंडेशन की ओर से लर्निंग रूट पुरस्कार का आयोजन किया गया। इस मौके पर द्वितीय शिक्षा उत्कृष्टता एनक्लेव चंडीगढ़ में पर्यावरण अनुकूल बुनियादी ढांचे के लिए सबसे प्रशंसित स्कूल के रूप में स्टालवाट्र्स वर्ल्ड स्कूल (वेरका बाईपास स्थित) को सम्मानित किया गया जोकि गर्व और प्रतिष्ठा की बात रही। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उत्तर भारत के केवल 4 स्कूलों को दिया जाता है। जिसमें, स्टालवाट्र्स वर्ल्ड स्कूल को चयनित किया गया। प्रिंसिपल मनीषा धानुका को यह पुरस्कार शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, सम्मानित अतिथि जीवन ज्योत कौर विधानसभा सदस्य अमृतसर, विशिष्ट अतिथि अजीत पाल कोहली विधानसभा पटियाला के सदस्य, विशिष्ट अतिथि नीना मित्तल विधानसभा सदस्य राजपुरा, विशिष्ट अतिथि मंजीत सिंह सिद्धू मुख्यमंत्री के ओ.एस.डी. द्वारा प्राप्त हुआ। प्रिंसिपल धानुका ने कहा कि इसके अलावा हमारे स्कूल ने माझा स्पोर्ट्स प्रमोशन एसोसिएशन पंजाब की ओर से वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में वातावरण के प्रति सजगता दिखाने और योगदान देने पर सम्मान प्राप्त किया है। राष्ट्रीय फेप पुरस्कार में भी बैस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और बजट फ्रैंडली अवार्ड भी प्राप्त किया है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मकसद अपने बच्चों को स्कूल में उच्चतम विद्या के साथ-साथ हरा-भरा वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि वातावरण को ध्यान में रखते हुए गत मास हमने स्कूल में 1500 वृक्ष लगाने का मिशन भी पूरा किया।



प्रिंसीपल मनीषा धानुका को पुरस्कार देकर सम्मानित करते गणमान्य तथा (दाएं) प्रिंसीपल मनीषा धानुका पुरस्कार के साथ।

# बवासीर के आयुर्वैदिक इलाज में पी-6 कैप्सूल व ट्यूब ने अलग पहचान बनाई: डा. चावला

सवेरा न्यूज/अजय


डा. एस.पी. चावला

अमृतसर, 19 अगस्त: पी-6 कैप्सूल व ट्यूब बवासीर के आयुर्वैदिक इलाज के लिए अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। पूरे विश्व में यह कैप्सूल और ट्यूब हर मैडीकल स्टोर पर उपलब्ध हैं। इन शब्दों का प्रकटावा ट्रस्ट हैल्थ केयर के एमएससी (कैमिस्ट्री) एसपी. सिंह चावला ने दैनिक सवेरा के साथ बातचीत करते हुए किया। उन्होंने कहा कि पी-6 कैप्सूल व ट्यूब खूनी, मस्से, मोके, पुरानी से पुरानी बवासीर का बिना आप्रेशन इलाज करने हेतु वरदान सिद्ध हुए हैं, जिसकी काफी मांग हो चुकी है। बवासीर व अन्य बीमारियों को जड़ से खत्म करने के लिए पी-6 कैप्सूल व ट्यूब 21 साल से भरोसे योग्य होने पर अपनी पूरी तरह पकड़ बना चुकी है।

# कांग्रेस ने विधायक संदीप जाखड़ को किया निलंबित

सवेरा न्यूज/नरेश


संदीप जाखड़

चंडीगढ़, 19 अगस्त : कांग्रेस ने अबोहर से विधायक संदीप जाखड़ को पार्टी विरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर शामिल होने के लिए शनिवार को पार्टी से निलंबित कर दिया। कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा दर्ज एक शिकायत के बाद जाखड़ के खिलाफ कार्रवाई की गई। संदीप जाखड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ के भतीजे हैं जिन्होंने पिछले साल कांग्रेस छोड़ दी थी। कांग्रेस की पंजाब इकाई ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'संदीप जाखड़ को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निलंबित किया जाता है।' जाखड़ को पार्टी की ओर से भेजे गए पत्र के अनुसार, कांग्रेस महासचिव तारिक अनवर ने कहा, 'आप 'भारत जोड़ो यात्रा' सहित पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में भाग नहीं ले रहे हैं और साथ ही आप जिस घर में रहते है।वह एक सामान्य आवास है, जिस पर भाजपा का झंडा फहराता है।' इसमें जाखड़ की ओर से पार्टी के खिलाफ खुले विद्रोह का भी आरोप लगाया गया।

# नशा और शराब तस्करी रोकने के लिए पंजाब पुलिस की हाईटैक नाकाबंदी, चलाया ऑप्रेशन सील-3

## सरहदी जिलों में 4 राज्यों समेत चंडीगढ़ पुलिस के साथ मिलकर चलाया अभियान

## ऑप्रेशन का उद्देश्य नशों और शराब की तस्करी रोकने के अलावा गैंगस्टरों और समाज विरोधी तत्वों की हरकतों पर नजर रखना था : एडीजीपी अर्पित शुक्ला



पंजाब पुलिस 'ऑप्रेशन सील-3' के तहत वाहनों की चैकिंग करती हुई तथा (दाएं) लोगों का सामान चैक करती पुलिस।

**सी.एम. भगवंत मान के सपने के अनुसार पंजाब पुलिस राज्य को सुरक्षित बनाने के लिए वचनबद्ध**

- 40 एफआईआर दर्ज कर-के 49 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार, 45 लाख रुपए की नकदी, 374 ग्राम हैरोइन, 500 ग्राम चरस और नाजायज शराब की बरामद
- 5726 वाहनों की चैकिंग की, 329 के चालान और 25 वाहन जब्त

सवेरा न्यूज/नरेश

चंडीगढ़, 19 अगस्त : मुख्यमंत्री भगवंत मान के सपने के अनुसार पंजाब को अपराध मुक्त और नशा मुक्त राज्य बनाने के मद्देनजर पंजाब पुलिस ने शनिवार को एक विशेष आपरेशन आपरेशन सील-3 चलाया, जिसका उद्देश्य सरहदी राज्य में दाखिल होने वाले सभी वाहनों की चैकिंग करना था। ताकि पंजाब में नशा तस्करी, शराब तस्करी और गैंगस्टरों व समाज विरोधी तत्वों की हरकतों पर पैनी नजर रखी जा सके। डीजीपी गौरव यादव के निर्देशों पर यह आप्रेशन 4 पड़ोसी राज्यों हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ पुलिस के साथ सांझे तौर पर सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुनियोजित ढंग से एक ही समय चलाया गया। एडीजीपी लॉ एंड आर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि


अर्पित शुक्ला

एडीजीपी बठिंडा रेंज, आईजीएसपी रूपनगर/पटियाला रेंज और डीआईजीज बॉर्डर/जालंधर/ फिरोजपुर/ फरीदकोट रेंज को सरहदी राज्यों के अपने समकक्ष रेंज इंस्पैक्टर जनरल पुलिस (आईजीएसपी) के साथ तालमेल करने के लिए कहा गया था ताकि सील-3 को प्रभावी बनाया जा सके। एडीजीपी लॉ एंड आर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि 10 जिलों, जिनकी सीमाएं चार सरहदी राज्यों और यूटी चंडीगढ़ के साथ लगती हैं, के सभी एंट्री/ एग्जिट प्वाइंटों पर इंस्पैक्टरों/ डी.एस.पीज की निगरानी में 1500 से अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती और बढ़िया तालमेल वाले मजबूत नाके लगाए गए थे। एडीजीपी लॉ एंड आर्डर अर्पित शुक्ला ने बताया कि राज्य में दाखिल होने वाले 5726 वाहनों की चैकिंग की गई, जिनमें से 329 के चालान किए गए और 25 को जब्त किया गया। पुलिस ने 40 एफआईआर भी दर्ज करके 49 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस टीमों ने 2 भगौड़े मुलजिमों को भी गिफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस टीमों ने 45 लाख रुपए की नकदी, 30 किलो भुक्की, 374 ग्राम हैरोइन, 500 ग्राम चरस, 350 लीटर लाहन और 263 लीटर नाजायज शराब बरामद की गई है। पुलिस टीमों ने पूछताछ के लिए 715 शक्की व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया है।

# विजय सांपला ने जारी की होशियारपुर-वृंदावन-आगरा तक चलने वाली ट्रेन की समय सारिणी

सवेरा न्यूज/विकास


विजय सांपला

होशियारपुर 19 अगस्त : संयुक्त निदेशक (कोचिंग) रेलवे बोर्ड से प्राप्त पत्र के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन विजय सांपला ने बताया कि होशियारपुर के लोगों की जोरदार मांग पर प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव और रेलवे विभाग ने जो होशियारपुर से वृन्दावन धाम के लिए ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। वह सराहनीय निर्णय है। मैं होशियारपुर की जनता की ओर से सभी का आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने बताया कि पत्र के मुताबिक 26 अगस्त को चलने वाली ट्रेन होशियारपुर से 14012 रात 10:25 बजे चलेगी जो मथुरा सुबह 10:00 बजे पहुंच जाएगी और आगरा सुबह 10:50 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार आगरा से 14011 शाम 7:10 बजे चलेगी जो मथुरा रात 8:00 बजे चजकर होशियारपुर सुबह 9:20 बजे पहुंचेगी। सांपला ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से श्री वृन्दावन धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा आसान होगी और आर्थिक रूप से भी फायदेमंद होगी। वही आगरा आना-जाना भी लोगो के लिए सुविधाजनक और आसान होगा।

# पूर्व डिप्टी सी.एम. सोनी की जमानत याचिका खारिज, सेहत ठीक न होने की लगाई थी गुहार

- मुख्य जमानत याचिका की सुनवाई 21 अगस्त को


ओम प्रकाश सोनी

सवेरा न्यूज/राजेश (अमृतसर),19 अगस्त : पूर्व डिप्टी सीएम ओम प्रकाश सोनी की मैडीकल ग्राऊंड पर लगी जमानत याचिका को अतिरिक्त सैशन जज की कोर्ट ने खारिज कर दिया। ओम प्रकाश सोनी को विजीलैंस ने 9 जुलाई को गिरफ्तार किया था। विजीलैंस ब्यूरो ने आय ये अधिक संपत्ति के मामले में तकरीबन 8 महीनों की जांच के बाद सोनी को गिरफ्तार किया है। सोनी की मैडीकल याचिका पर सुनवाई करते अदालत ने कहा कि अगर उनकी तबीयत ठीक नहीं है तो वह पीजीआई में इलाज करवा सकते हैं। वहां भी अच्छे डाक्टर हैं। सोनी ने अपनी वकील के माध्यम से याचिका में बताया था कि उनका इलाज मुंबई में चल रहा है और उन्हें इलाज के लिए मैडीकल ग्राऊड में जमानत दी जाए, ताकि वह मुंबई में इलाज करवा सके। परंतु कोर्ट ने उसे रद्द कर दिया। वहीं ओमप्रकाश सोनी की मुख्य जमानत याचिका की सुनवाई 21 अगस्त को रखी गई है। ओपी सोनी को 9 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। अगले ही दिन जैसे ही विजीलैंस ने उन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया तो उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके, बाद उन्हें फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल में दाखिल करवाया गया था।

# मंत्री हरजोत सिंह बैंस को सांप ने काटा, बाढ़ से बचाव कार्य में लगे थे


अस्पताल में भर्ती शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस तथा (इनसैट) पैर पर सांप के काटे का निशान।

**....बैंस का हाल जानने पहुंचे सांसद राघव चड्ढा**


शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस का हालचाल पूछते राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा।

सवेरा न्यूज/सुपिंद्र

नंगल, 19 अगस्त : शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस को श्री आनंदपुर साहिब में बाढ़ प्रभावित इलाके में बचाव अभियान के दौरान एक जहरीले सांप ने डस लिया। बैंस ने कहा कि उन्हें 15 अगस्त की रात को सांप ने डस लिया था और अब उनकी हालत बेहतर है। भारी बारिश के कारण पौंग और भाखड़ा बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के बाद रूपनगर, गुरदासपुर, होशियारपुर, कपूरथला और फिरोजपुर जिलों के कई इलाकों में बाढ़ आ गई। दोनों बांधों से अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के बाद, ब्यास और सतलुज नदियों में जल स्तर बढ़ गया था, जिससे नदी तट के पास के निचले इलाके जलमग्न हो गए थे। रूपनगर में, आनंदपुर साहिब और नंगल में हरसा बेला, भलान, भनाम और बेला सहित कई गांव जलमग्न हो गए। बैंस अपने निर्वाचन क्षेत्र आनंदपुर साहिब में बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर थे। बैंस ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट में कहा, 'भगवान की कृपा से, मेरे निर्वाचन क्षेत्र, श्री आनंदपुर साहिब में बाढ़ की स्थिति अब बेहतर है।' बैंस ने कहा, 'बचाव अभियान के दौरान, 15 अगस्त की मध्यरात्रि को मुझे एक जहरीले सांप ने डस लिया, लेकिन इससे अपने लोगों की मदद करने के मेरे दृढ़ संकल्प में कोई कमी नहीं आई।' उन्होंने कहा, 'भगवान की कृपा और लोगों के प्यार और आशीर्वाद से, मैं अब ठीक हूं। जहर का असर कम हो रहा है और मेरा रक्त परीक्षण भी सामान्य आया है।'


पटियाला में तीज मनाती महिलाएं।

# कांग्रेस ने लोकतंत्र और संविधान की नहीं गांधी परिवार की रक्षा की है : तरुण चुघ

**कांग्रेस ने कई राज्य सरकारें गिराई, लोकतंत्र की कई बार हत्या की**

सवेरा न्यूज/नीर, नरेश

अमृतसर/चंडीगढ़, 19 अगस्त : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान को हास्यास्पद और बचकाना करार देते हुए पलटवार किया है, जिसमें खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। तरुण चुघ ने कहा कि सच तो यह है कि कांग्रेस ने संविधान और लोकतंत्र नहीं, बल्कि 70 साल तक एक परिवार के पोषण में जुटी रही है। चुघ ने कहा कि कांग्रेस ने देश का विभाजन किया, आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा। देश में चुनी हुई कई सरकारें गिराई। हजारों निर्दोष सिखों की हत्या के जिम्मेदार कांग्रेस नेता हैं। खड़गे के लिए क्या यही लोकतंत्र और संविधान की रक्षा है, उन्हे जवाब देना चाहिए? चुघ ने कहा कि परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण जिस कांग्रेस की पहचान रही है, वह क्या लोकतंत्र और संविधान की बात करेगी? उसके लिए सिर्फ और सिर्फ एक परिवार ही सबकुछ है। खड़गे स्वयं भी इसे कबूल किया है कि वे राहुल और सोनिया की कृपा से अध्यक्ष बने हैं। भाजपा महामंत्री ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने तो एक बार फिर राजनीतिक स्वार्थ के लिए 'इंडिया' नाम का दुरुपयोग करना शुरू किया है, लेकिन जनता उनकी यह चालाकी समझ रही है। हर अक्षर के बाद जितने 'डॉट' हैं, उसपर सभी को डाऊट है। पहला डॉट का मतलब परिवारवाद, दूसरा डॉट का मतलब भ्रष्टाचार, तीसरे डॉट का मतलब तुष्टीकरण और चौथे डॉट का मतलब है अलगाववाद।


तरुण चुघ

# सतलुज ने पाकिस्तान में मचाई तबाही, कसूर के गांवों में 10 से 12 फीट भरा पानी




सवेरा न्यूज

अमृतसर, 19 अगस्त : भारतीय पंजाब के सीमावर्ती जिलों के बाद पाकिस्तान में भी सतलुज दरिया से बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। पाकिस्तान पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि सतलुज नदी में 35 साल में अभूतपूर्व बाढ़ की सूचना के बाद बचाव प्रयास जारी हैं। बाढ़ पूर्वानुमान प्रभाग (एफएफडी) के अनुसार पाकिस्तान के गंडा सिंह वाला में नदी बेहद उच्च बाढ़ स्तर पर है। पाकिस्तान पंजाब के सीएम के अनुसार यह बाढ़ 35 साल में अभूतपूर्व है, लेकिन हमारी टीमें जुटी हैं। अपने लोगों को सुरक्षित करने और उनकी मदद करने के लिए समर्पित हैं। पिछले 24 घंटों में प्रभावित गांवों से 6,500 लोगों को निकाला गया है। पंजाब पीडीएमए के महानिदेशक इमरान कुरेशी ने कहा कि ऐसी खबरें है कि भारत 21 अगस्त तक दैनिक आधार पर पाकिस्तान में पानी छोड़ता रहेगा। इसमें सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। पता चला है कि कसूर के कई गांवों में 10 से 12 फीट तक पानी भर गया है।

# रिश्वत लेने के आरोप में फरार ए.एस.आई. गिरफ्तार

- जब्त किए ऑटो-रिक्शा को छोड़ने के एवज में ली थी रिश्वत


विजीलैंस की हिरासत में आरोपी ए.एस.आई.।

सवेरा न्यूज/अरुण, नरेश

लुधियाना/ चंडीगढ़,19 अगस्त : विजीलैंस ब्यूरो ने शनिवार को लुधियाना के सुधार थाने में तैनात सहायक सब इंस्पैक्टर (एएसआई) गुरमीत सिंह को रिश्वत के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया। विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एएसआई गुरमीत सिंह ने उसका जब्त किया ऑटो रिक्शा छोड़ने के बदले 1500 रुपए रिश्वत ली थी और आरोपी ने इससे पहले भी उससे 2500 रुपए रिश्वत ली थी। शिकायतकर्ता ने गुरमीत सिंह की उससे 1500 रुपए रिश्वत लेते हुए की वीडियो भी पेश की थी। उन्होंने बताया कि यह पुलिस अधिकारी फरार था और उसकी अग्रिम जमानत अतिरिक्त सैशन जज, लुधियाना की अदालत ने खारिज कर दी थी। प्रवक्ता ने बताया कि विजीलैंस ब्यूरो लुधियाना रेंज की टीम ने गुरमीत सिंह को बरनाला के गांव


## संत लौंगोवाल इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन समविश्वविद्यालय)
लौंगोवाल - 148 106 संगरूर, पंजाब.
01672-280072, 253100
www.sliet.ac.in


अमर शहीद
संत हरचंद सिंह लौंगोवाल जी




प्रो. मणि कांत पासवान,
निदेशक

संदेश

*''यदि हम गांवों की आवश्यकताओं के अनुरूप सर्वोत्तम शिक्षा प्रदान करना चाहते हैं, तो हमें विद्यापीठ (विश्वविद्यालय) को गांवों में ले जाना चाहिए'' - महात्मा गांधी*

इस दूरदर्शी दृष्टिकोण के उद्देश्य को पूरा करने के लिए, अमर शहीद संत हरचंद सिंह जी लौंगोवाल के अथक प्रयास से, पंजाब के मालवा क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा संत लौंगोवाल इंस्टीच्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी, लौंगोवाल की स्थापना की गई है। उनके निधन की 38वीं वर्षगांठ पर, संस्थान उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शिता के लिए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

शहीद संत लौंगोवाल जी की आकांक्षाओं को अपनाते हुए, संस्थान प्रभावी ढंग से इंजीनियरिंग, वैज्ञानिक, प्रबंधकीय और मानविकी विषयों में 13 एकीकृत प्रमाणपत्र - डिप्लोमा (आईसीडी), 7 डिग्री, 10 स्नातकोत्तर और कई पीएच. डी. कार्यक्रम का संचालन करता है। संस्थान ने 2007 में डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी का दर्जा हासिल किया और उत्कृष्टता की अपनी यात्रा के दौरान सभी 7 यूजी डिग्री कार्यक्रमों के लिए एन. बी. ए. मान्यता प्राप्त की। संस्थान नए कीर्तिमान स्थापित करने और भविष्य में निरंतर प्रगति को प्रोत्साहित करने के लिए नई शिक्षा नीति- 2020 भी लागू कर रहा है।

**निदेशक प्रो. मणि कांत पासवान जी का दृढ़ विश्वास है कि संस्थान का मॉड्यूलर डिजाइन और मल्टी-एंट्री, मल्टी-एग्जिट शैक्षिक दृष्टिकोण देश के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम और जिम्मेदार नागरिकों में ढालता है।**

**यह संस्थान द्वारा संत लौंगोवाल जी को दी जाने वाली सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगी।**

**Programs Offered**
- 3 yrs. Integrated Certificate and Diploma (ICD) (Entry after 10th through SET)
- 4 yrs. BE (Entry after 12th through JEE / CSAB)
- Lateral entry in 2nd year of 4 yrs. BE program (LEET) (Entry after 3 yrs. Diploma through SET)
- M. Tech. (Entry through CCMT)
- M. Sc. (Entry through CCMN)
- MBA (Entry through SET)
- Ph. D. (Entry through SET)

*SET (SLIET Entrance Test)

**Important Features**
- Green and sprawling campus spread over 451 acres Beautiful and picturesque landscape
- Approved by AICTE
- Completed 2 cycles of accreditation by NBA and NAAC
- Well equipped academic, residential and recreational facilities for students, staff and faculty
- Flexibility of admission to various courses after 10th, Certificate, 10+2, Diploma, Degree and PG
- Sports complex, swimming pool, student activity centre

**दाखिले चल रहे हैं**
www.sliet.ac.in

# जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार, प्रधानमंत्री ने की सराहना

## ● मुफ्त में बांटे 34 करोड़ रुपे कार्ड, 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए

सवेरा न्यूज/एजैंसी


नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली, 19 अगस्त : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनधन खातों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंचने को एक अहम पड़ाव करार दिया और इस उपलब्धि की सराहना की। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'यह देखकर खुशी हुई कि इनमें से आधे से अधिक खाते महिलाओं के हैं।' केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि देश में जनधन खातों की कुल संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से 56 फीसदी खाते महिलाओं के हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इनमें से लगभग 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। इस उपलब्धि को एक अहम पड़ाव करार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर खुशी हो रही है कि इनमें से आधे से अधिक खाते हमारी नारी शक्ति के हैं। 67 फीसदी खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय समावेश का लाभ हमारे देश के हर कोने तक पहुंचे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जनधन खातों में कुल जमा राशि 2.03 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, जबकि इन खातों के साथ लगभग 34 करोड़ रुपे कार्ड मुफ्त जारी किए गए हैं। मोदी सरकार ने 2014 में वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए जनधन बैंक खाते खोलने के वास्ते बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया था, जिसका उद्देश्य प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) सहित कई वित्तीय सेवाओं को गरीबों के लिए सुलभ बनाना था।

### भारत में सफल साबित होने वाले उपायों को कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है : मोदी

बेंगलूर : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत समाधानों के लिए एक आदर्श परीक्षण प्रयोगशाला है और जो उपाय देश में सफल साबित होते हैं उन्हें कहीं भी आसानी से लागू किया जा सकता है। बेंगलूर में जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रिस्तरीय बैठक को ऑनलाइन संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक सुरक्षित और समावेशी समाधान पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है। हमारी दर्जनों भाषाएं और सैकड़ों बोलियां हैं। यहां दुनिया के सभी धर्मों के लोग रहते हैं और असंख्य सांस्कृतिक प्रथाओं का पालन होता है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई



अयोध्या. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को अयोध्या पहुंचे और रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के बाद राममंदिर निर्माण की प्रगति देखी। इस मौके पर उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी मौजूद रहे।

## राहुल गांधी ने लेह से पैंगोंग झील तक बाइक दौड़ाई





लेह. कांग्रेस नेता राहुल गांधी लद्दाख की यात्रा पर हैं। कांग्रेस नेता की बाइक राइड करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को लेह शहर से सुरम्य पैंगोंग झील तक अपनी केटीएम 390 ड्यूक बाइक दौड़ाई। इस दौरान राहुल गांधी का अंदाज एकदम अलग नजर आया। राहुल गांधी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी किया। राहुल गांधी ने लिखा कि पैंगोंग झील जा रहा हूं। मेरे पिता कहा करते थे कि ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है।

## द्वारका एक्सप्रैस-वे में सही सूचना लिखित में नहीं देने की हुई चूक : नितिन गडकरी

● कहा-मंत्रालय पारदर्शी और निर्धारित तरीके से सड़कों के निर्माण का काम कर रहा

● काम में कहीं भी कोई भ्रष्टाचार हुआ हो तो सजा भुगतने को तैयार

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्तः सड़क परिवजन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि द्वारका एक्सप्रैस-वे में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ और इसकी लागत को लेकर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक(कैग) की रिपोर्ट में जो तथ्य सामने आए हैं, वह लिखित सूचना नहीं देने की चूक के कारण हुआ है। गडकरी ने कहा कि उनका मंत्रालय पारदर्शी और निर्धारित तरीके से सड़कों के निर्माण का काम कर रहा है और एक काम में भी कहीं कोई भ्रष्टाचार हुआ हो तो इसके लिए वह कोई भी सजा भुगतने को तैयार हैं। द्वारका एक्सप्रैस-वे में सीएजी की रिपोर्ट में भ्रष्टाचार होने संबंधी आरोपों को खारित करते हुए उन्होंने कहा कि द्वारका एक्सप्रैस-वे स्टेट आफ आर्ट प्रोजेक्ट है और इसकी कुल लम्बाई 29 किलोमीटर है। लेन के हिसाब से 563 किलोमीटर है। 8 लेन की इस सड़क में 6 लेन की सुरंग हे और इसकी लागत 250 करोड़ रुपए नहीं बल्कि 206 करोड़ रुपए थी। उन्होंने कहा कि परियोजना में हर चरण पर कम लागत आने के लिए सभी कदम उठाए हैं। परियोजना के 4 चरण के लिए चार टैंडर मंगाए गए और पहला पैकेज में 5 टैंडर आए और इसमें लागत 5 प्रतिशत कम हुई। दूसरे पैकेज में 4 प्रतिशत ऊंची गई और तीसरे पैकेज के टैंडर में 12 कंपनियां शामिल हुई जबकि चौथे पैकेज में आठ प्रतिभागी थे। पूरे प्रोजक्ट में 12 प्रतिशत लागत कम हुई।


नितिन गडकरी

कैग की रिपोर्ट में लागत ज्यादा आने को लेकर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि समस्या क्या हुई कि इसमें अंदर सुरंग है इसलिए कीमत ज्यादा गई। ज्यादा कीमत आने की बात हमने कैग के सामने रखी और कैग लागत आने के कारणों पर सहमत था लेकिन गलती यह हुई कि लिखित में इसकी सूचना नहीं दी गई और यही चूक सामने आ गई। इस चूक की वजह से कैग की रिपोर्ट में वही लिखा आया जिस पर उसने पहले आपत्ति दर्ज की थी और आपत्ति को लेकर हमारे द्वारा दिए गये कारणों को सही माना था।

## आपदा से हिमाचल को 10 हजार करोड़ का नुक्सान, पुनर्निर्माण में लगेगा 1 साल : सीएम सुक्खू

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्त. हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन की आपदा के कारण राज्य को 10 हजार करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ है और इसे दोबारा बनाने में लगभग 1 साल लगेगा। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए हिमाचल के सीएम ने कहा कि राज्य के कानून के अनुसार, हमने पहले ही हिमाचल प्रदेश को 'प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र' घोषित कर दिया है और शुक्रवार को मेरी केंद्र सरकार से बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार को पूरे देश से मदद मिल रही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ सरकारों ने राहत के रूप में क्रमशः 15 करोड़ और 11 करोड़ रुपए का सहयोग दिया है। सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल में एक टीम भेजी थी और मुझे यकीन है कि टीम ने अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। रिपोर्ट के आधार पर राहत कोष की पहली किस्त जल्द ही जारी की जाएगी।


सुखविंदर सिंह सुक्खू

## ईडी ने 24 को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए बुलाया

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्तः प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 24 अगस्त को पेश होने के लिए बुलाया है। इससे पहले, सोरेन को 14 अगस्त को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने एजैंसी से और समय मांगा। इससे पहले अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री से ईडी के रांची कार्यालय में उनकी पत्नी समेत करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी। जमीन कब्जा मामले में ईडी ने एक आईएएस अधिकारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।


हेमंत सोरेन

## पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी गिरफ्तार

सवेरा न्यूज/एजैंसी

इस्लामाबाद, 19 अगस्त. पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को पुलिस ने शनिवार को यहां स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। कुरैशी भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-पाकिस्तान (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष कुरैशी (67) की गिरफ्तारी के बाद संघीय जांच एजैंसी (एफआईए) उन्हें अपने मुख्यालय लेकर आई। कुरैशी को किस आरोप में गिरफ्तार किया गया है, इसको लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन मौजूदा समय में एफआईए जेल में बंद पीटीआई प्रमुख इमरान खान से गायब हुए कूटनीतिक दस्तावेज के सिलसिले में पूछताछ कर रही है।

इमरान खान लंबे समय से दावा कर रहे हैं कि उनके पास 'विदेशी साजिश' के सबूत हैं जिसके तहत उन्हें पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री पद से हटाया गया। पीटीआई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा करके कहा कि पार्टी उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को फिर से गैर कानूनी तरीके से गिफ्तार किया गया है। गोपनीय कूटनीतिक दस्तावेज का मामला जब सामने आया तब कुरैशी विदेश मंत्री के पद पर आसीन थे।

## पेज 1 के शेष

### अन्य पार्टियां झूठे ...

होकर रह जाते थे, लेकिन आप सुप्रीमो व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल गारंटी देते हैं, इसलिए यह 'गारंटी कार्ड' है। उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली और पंजाब की जनता को जो गारंटियां दी थी उनमें से ज्यादातर पूरी की हैं। भगवंत मान ने कहा कि हम पंजाब में स्कूल ऑफ एमिनेंस बना रहे हैं और 660 मोहल्ला क्लीनिक खोले हैं जहां लोगों को मुफ्त इलाज, जांच और दवाएं मिलती हैं। प्रिंसीपलों का तीसरा बैच प्रशिक्षण के लिए अभी सिंगापुर में है। हमने 31,910 सरकारी नौकरियां और लाखों निजी नौकरियां दीं।

पंजाब में 90 फीसद से अधिक घरों में शून्य बिजली बिल आता है और 'हमने' इस गर्मी में धान की बुआई के दौरान बिजली की उच्च मांग को बिना किसी व्यवधान के पूरा किया। मान ने कहा कि पंजाब और दिल्ली की तरह आप सरकार छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार मुक्त बनाएगी। भ्रष्टाचार पर नुकेल कसते हुए 350 से अधिक नेताओं और अधिकारियों को गिरफ्तार कर जेलों में पहुंचाया गया है।

मान ने कहा कि जब 'हम' मुफ्त बिजली, शिक्षा और इलाज जैसी गारंटी देते हैं तो 'साहब' (नरेंद्र मोदी) कहते हैं कि यह 'रेवड़ी' है लेकिन जनता जानना चाहती है कि '15 लाख वाला पापड़' कहां है।

सीएम ने कवि के अंदाज में चुटकी लेते हुए कहा- '15 लाख लिखे तो स्याही सूख जाती है, काले धन की बात करें तो कलम रुक जाती है, हर बात ही जुमला निकली, अब तो ये भी शक है कि चाय बननी आती है।'

मान ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'हम' जो कहते हैं वो करते हैं। 'हम' 'जुमले' नहीं फेंकते। मान ने छत्तीसगढ़ के लोगों से आम आदमी पार्टी को वोट देने और राज्य में एक ईमानदार सरकार चुनने का आग्रह किया। इस अवसर पर आप सांसद डा. संदीप पाठक, छत्तीसगढ़ प्रभारी संजीव झा और छत्तीसगढ़ के सभी स्थानीय आप नेतृत्व मौजूद थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ...

कारण हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए भाजपा अध्यक्ष नड्डा रविवार 20 अगस्त को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश आ रहे हैं।

नड्डा इस दौरान प्राकृतिक त्रासदी में दिवंगत हुए लोगों के परिजनों से भी मुलाकात करेंगे। वे समरहिल, शिमला में भारी बारिश के कारण हुए ध्वस्त प्राचीन शिव मंदिर स्थल का मुआयना करेंगे। शिमला एवं बिलासपुर में स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यों पर चर्चा भी करेंगे।

नड्डा रविवार को सुबह 9 बजे पांवटा साहिब (सिरमौर) पहुंचेंगे। वह यहां से सड़क मार्ग के जरिए 9:35 बजे गांव सिरमौरी ताल एवं कच्ची ढांग पहुंचेंगे, जहां वे सिरमौरी ताल क्षेत्र में बादल फटने से उत्पन्न हुई स्थिति का जायजा लेंगे तथा इस हादसे में दिवंगत 5 सदस्यों के परिवारजनों से मुलाकात भी करेंगे। इसके बाद भाजपा अध्यक्ष 11:20 बजे शिमला के शिवबावडी, समरहिल पहुंचेंगे, जहां वे भारी बारिश से तबाह हुए प्राचीन शिव मंदिर स्थल का जायजा लेंगे। इस हादसे में अब तक 16 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं और यहां पर राहत और बचाव कार्य अब तक चल रहा है। इसके पश्चात वे कृष्णानगर, शिमला बाईपास होते हुए कृष्णानगर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त मकानों और इसके कारण हुए नुकसानों का जायजा लेंगे। नड्डा दोपहर एक बजे शिमला के होटल पीटरहॉफ में राहत एवं बचाव कार्यों को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ चर्चा करेंगे। इसके पश्चात वे 3:15 बजे बिलासपुर के सर्किट हाउस पहुंचकर भारी बारिश, बाढ़ एवं भूस्खलन के कारण हुए जान-माल के नुकसान से पीड़ित शोक संतप्त परिवारों के साथ मुलाकात करेंगे और स्थानीय प्रशासन से राहत, बचाव एवं पुनर्वास कार्यक्रमों को लेकर चर्चा भी करेंगे।

### कैग की रिपोर्ट से...

नागरिक) के नाम से योजना शुरू की थी। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'मोदी सरकार का हवाई चप्पल पहन, हवाई सफर करने का वादा उनके हर वादे की तरह हवा-हवाई हो गया! ये हम नहीं कह रहे हैं, कैग की रिपोर्ट कह रही है! योजना 93 प्रतिशत हवाई मार्गो पर नहीं चली। विमान सेवा परिचालन कंपनियों का स्वतंत्र ऑडिट भी नहीं हुआ। बहुप्रचारित हैलीकॉप्टर सेवाएं भी ठप रहीं।' उन्होंने कहा, 'नहीं मिली 'उड़ान', सिर्फ झूठी बातें और जुमलों का बखान! ऐसी नाकारा सरकार को अब माफ नहीं करेगा हिंदुस्तान!'

### हिमाचल में कालका-शिमला...

योजना के तहत ऐसे संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया जाएगा, जहां बारिश के कारण रेलवे लाइन बाधित हो जाती है या फिर मिट्टी का कटाव अथवा भूस्खलन होता है। ऐसी जगह को मजबूत करने के लिए लोहे से निर्मित ढांचा तैयार किया जाएगा।

### सोशल मीडिया से ...

न्यायालय के 14 जुलाई के उस आदेश के खिलाफ शेखर की ओर से दायर याचिका की सुनवाई कर रही थी, जिसमें संबंधित मामले में आपराधिक मुकद्दमा रद्द करने संबंधी उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। पीठ ने याचिकाकर्त्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील से कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है, तो उसे इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में अधिक सावधान रहना चाहिए।

वकील ने दलील दी कि घटना के दिन शेखर ने अपनी आंखों में कुछ दवा डाल ली थी, जिसके कारण वह साझा की गई अपनी पोस्ट की विषय-वस्तु नहीं पढ़ सके थे। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतनी होती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूरी लगता है तो उसे परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

### श्रीनगर के मंदिर में ...

अखाड़ा भवन में मंदिर में 'दर्शन' के लिए रखा जाएगा। दशनामी अखाड़े में सोमवार को पारंपरिक छड़ी-पूजन किया जाएगा। छड़ी मुबारक 26 अगस्त को दक्षिण कश्मीर में 13,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए ले जाई जाएगी।

### हम राजनेता नहीं...

1 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। 10वीं गारंटी के बारे में केजरीवाल ने कहा कि वह अगली बार इसे साझा करेंगे। वह गारंटी राज्य के किसानों और आदिवासी समाज के लिए होगी।

## इमरान को जेल में जहर दिया जा सकता है, बुशरा बीबी ने जतायी आशंका

सवेरा न्यूज/एजैंसी

इस्लामाबाद, 19 अगस्त : पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए और कहा कि उनके पति को जेल में जहर दिया जा सकता है। पंजाब के गृह सचिव को लिखे पत्र में बुशरा बीबी कहा कि अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उनके पति को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि मेरे पति को बिना किसी कारण के अटोक जेल में कैद कर दिया गया है। कानून के मुताबिक, मेरे पति को अदियाला जेल में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।


इमरान खान

## आतंकवाद से जुड़े मामले में एसआईयू ने पुलवामा में छापेमारी की

श्रीनगर. जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने शनिवार को आतंकवाद से जुड़े एक मामले में पुलवामा जिले में छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के वोपलवान, अवंतीपुरा में शेख सयूरल निसार के आवास पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आतंकवाद से जुड़े अपराधों में उसकी संलिप्तता साबित करने और सबूत इकट्ठा करने के लिए की गई।

GOVERNMENT OF HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
e-Procurement Notice
INVITATION FOR BIDS (IFB)
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING

The Executive Engineer, NH, HP.PWD, Theog on behalf of governor of HP invites the Percentage rate basis in electronic tendering system for the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

TABLE

| S.N. | Name of work | Estimated Cost | Starting date for downloading bid | Deadline for submission of bid | Earnest Money | Cost of Form |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | | |
| 1 | Strengthning on NH 22(NH 05 ) On Kalka Shimla Wangtoo Road from Km 208/700 to 214/00 and 223/500 to 236/00 in the state of Himachal Pradesh) | 19145911/- | 24.8.2023 | 31.08.2023 | 383000/- | 5000/- |

The bidders are advised to note other details of tenders of from the department Website www.hptenders.gov.in.

Executive Engineer,
NH Division, HP PWD, Theog.

DPR HP 2187/2023-2024

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
(INVITATION FOR BIDS (IFB)
(E-Procurement Module)

The Executive Engineer, Tissa Division, HPPWD Tissa H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the percentage Rate bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) | Class | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Improvement of Tissa Satyas road (SH: Breaking of Big Boulder/rock near Bairagarh Village/PWD Rest House) | 866622.00 | 20000.00 | 350.0 | C and D | 2 Months |
| 2 | C/o link road to Village Dhakiyara Bharni KM 0/0 to 6/495 (SH: F/C in KM 0/0 to 6/0 including dumping places) | 16868774.00 | 337400.00 | 5000.00 | C and B | Nine Months |

1.KEY DATES:
1. Starting Date for downloading 21/08/2023 at 10.00 AM
2. Deadline for submission of Bid 26/08/2023 at 5.00 PM
3. Date of Technical bid opening 28/08/2023 at 11.30 AM

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons there-of.
The Bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

Executive Engineer,
Tissa Division, HPPWD Tissa Pin-176316
Email:-ee-tis-hp@gov.in
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

DPR HP 2192/2023-2024

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
(INVITATION FOR BIDS (IFB)
(E-Procurement Module)

The Executive Engineer, Tissa Division, HPPWD Tissa H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the percentage Rate bids, in electronic tendering system, from the eligible class of contractors registered with HPPWD for the works as detailed in the table.

| Sr. No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of tender form (Rs.) | Class | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Improvement of black spot on Tissa Satyas road KM 7/0 to 29/480 (SH F/C at RD 10/180 to 10/255) | 5483475.00 | 110000.00 | 2000.00 | C and B | 30 Days |

1.KEY DATES:
1. Starting Date for downloading 19/08/2023 at 6.00PM
2. Deadline for submission of Bid 24/08/2023 at 11.00PM
3. Date of Technical bid opening 24/08/2023 at 11.30 AM

The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons there-of.
The Bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in

Executive Engineer,
Tissa Division, HPPWD Tissa Pin-176316
Email:-ee-tis-hp@gov.in
On behalf of Governor of Himachal Pradesh

DPR HP 2193/2023-2024

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
E-Procurement Notice
Short Term INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer HP PWD Division Nalagarh Distt. Solan HP on behalf of Governor of HP invites the online bids on percentage rate, in electronic/ nic tendering system,in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors.firms registered with HPPWD Department.

| Job No. | Name of Work | Estimated Cost (In Rs.) | Earnest Money (In Rs.) | Time Allowed | Cost of Form | Eligibility of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Restoration of rain damages on Sai Ghared road in km 0/0 to 7/00 (SH:- Removal of slips at RD 1/200 to 1/400). | 2,95,800/- | 60 00/- | One Month | 350/- | C& D |
| 2 | Restoration of rain damages on Nalagarh Bawasani sai road km 0/0 to 20/240 (SH:- Removal of slips at RD 18/00 to 20/240). | 14,79,000/- | 29,600/- | One Month | 500/- | C& D |

**Availability of Bid Document and mode of submission:** The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website https://hptenders.gov.in. Bidder would be requird to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized certifying authorities (CA) "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website: https://hptenders.gov.in. Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender.

2 . Key dates.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Online Publication | 22-08-2023 10:00 AM |
| 2. | Document Download Start Date | 22-08-2023 11:00 AM |
| 3. | Bid Submission Start and End Date | 22-08-2023 at 11:00 AM to 28-08-2023 at 10:00 AM |
| 4. | Physical Submission of receipt of EMD and cost of tender Document and other document | 28-08-2023 at 10:30 AM |
| 5 | Date of Opening of Bid | 28-08-2023 at 11:00 AM |

The bidders are advised to note other details of tenders from the department website www.hptenders.gov.in.

Executive Engineer
Nalagarh Division
HPPWD Nalagarh
(On behalf of Governor of Himachal Pradesh

DPR HP 2202/2023-2024

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT
HP.PWD Division Ghumarwin, Distt. Bilaspur(H.P)-174021
Tel:- 01978-255281, e-mail id;- ee-ghu-hp@nic.in

NOTICE INVITING TENDERS

Sealed item rates tenders on PWD form 6 & 7/8 are hereby invited by the Executive Engineer H.P.P.W.D. Division Ghumarwin on behalf of Governor of Himachal Pradesh from the eligible contractors/firms of appropriate class for the following works as per detail given below. The important/key dates of tenders are as under:-
Date of receipt of application for the tenders = 28-8-2023
Date of issue/sale of tender forms = 29-8-2023

The tender which will received on 30-8-2023 up to 11.00 AM shall be opened on the same day at 11.30 A.M. in the presence of intending contractors or their authorized representatives who may like to be present. The tender form can be had from this office against cash payment as shown below (Non-refundable) during the working hours on 29-8-2023. The Earnest Money in the shape of NSC/Deposit at call/Time Deposit/Account in any of the Post Office/Nationalized Bank in H.P. duly pledged in favour of undersigned must accompany with each application. The conditional tenders and tenders received without earnest money will be rejected. The office of the tender will be kept open for 45 days. The undersigned reserved the right to accept or reject the tenders without assigning any reason.

| Sr.No | Name of work | Estimated cost | Earnest Money | Time Period | Cost of Tender Form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Restoration of Rain damage on various roads under H.P.P.W.D. SubDivision Bharari(Section Dadhol) (SH;-Clearing of various roads) | 3,50,000/- | 7000/- | 15 days | 350/- |
| 2 | Restoration of Rain damage on various roads under H.P.P.W.D. SubDivision Bharari(Section Bharari) (SH;-Clearing of various roads) | 3,50,000/- | 7000/- | 15 days | 350/- |
| 3 | Restoration of Rain damage on JNSG road Km. 95/00 to 103/300 under H.P.P.W.D. Sub Division Ghumarwin (Section No.II) (SH;-Clearing of JNGS road in Km. 96/430 to 96/530)(Deposit) | 4,70,076/- | 9400/- | 15 days | 350/- |

TERMS & CONDITIONS:-
1.The undersigned reserves the right to accept or reject the tenders without assigning any reasons.
2.The tender form will not be issued to those contractors whose performance is not found satisfactory.
3.G.S.T, EPF, Earnest Money, Cost of Tender & copy of enlistment should be accompanied with the application.
4. Application without documents will not be entertained.
5. Proxy application will not be entertained.
6. The Contractors should have executed two similar types of works1/3 of each amount put to tender.

Executive Engineer,
Ghumarwin Division,
H.P.P.W.D. Ghumarwin.
For & on behalf of Govemor

DPR HP 2189/2023-2024

भारतीय टीम में शामिल होने के लिए मैंने काफी पसीना बहाया। खेल के प्रति मेरे जुनून से मुझे समर्थन की कमी और वित्तीय परेशानियों से निपटने में मदद मिली। एक चीज जिसने मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, वह थी अपने परिवार को अच्छी जिंदगी देना और यह तभी संभव था जबकि मैं खेल में आगे बढ़ता। मेरे अंदर आत्मविश्वास था और उसने मुझे मजबूत बनाया और मुझे आगे बढ़ने में मदद की।

–युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह






# हॉकी इंडिया ने गठित किया पुरुष सब-जूनियर कोर ग्रुप

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

नई दिल्ली, 19 अगस्त : देश में पुरुष हॉकी के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 सदस्यीय पुरुष सब-जूनियर कोर ग्रुप की शुरुआत की है। कोर ग्रुप में विशेष रूप से पूर्व भारतीय हॉकी टीम के कप्तान सरदार सिंह शिविर के लिए सलाहकार और कोच के रूप में काम करेंगे। 21 अगस्त को राउरकेला के विश्व स्तरीय बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में शुरू होने वाला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर देश भर से सबसे होनहार और कुशल युवा खिलाड़ियों को इकट्ठा करने के केंद्र के रूप में काम करेगा। खिलाड़ियों का चयन हॉकी




इंडिया सब-जूनियर नैशनल चैंपियनशिप में उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। शिविर के बाद यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय मैच होंगे जहां खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अपनी क्षमता का परीक्षण करने का अवसर मिलेगा। नैशनल कोचिंग कैंप के कोर ग्रुप में गोलकीपर राहुल भारद्वाज, आतिफ खान, अभिमन्यु गौड़ा और डिफैंडर सुखमनप्रीत सिंह, मिथलेश सिंह, नितिन, सोहिल अली, समी रिजवान, प्रदीप मंडल, रोहित कुल्लू, विशाल पांडे, आशु मौर्य, उज्जवल पाल शामिल हैं। शिविर में मिडफील्डरों में नीरज, रोहित टिर्की, घूरन लोहरा, रोहित प्रधान, सुरेश शर्मा, प्रभजोत सिंह, मनमीत सिंह राय, अरुण जे, राहुल राजभर, राहुल यादव, अफरीदी, बिजय शॉ और फॉरवर्ड की सूची में गुरप्रीत सिंह, सृजन यादव, हैप्पी, सुनील, रितेंद्र प्रताप सिंह, आशिर आदिल खान, देवनाथ नानवार, दीपक प्रधान, योजिन मिंज, हर्षदीप सिंह, केतन कुशवाह, रोहित इरेंगबाम सिंह, अजीत यादव, सुंदरजीत एम, और मोहम्मद जैद शामिल हैं।




# भारत की निगाहें श्रृंखला जीतने पर, क्रीज पर अधिक समय बिताना चाहेंगे बल्लेबाज

● भारत बेहतर मौसम की भी उम्मीद करेगा जिससे युवा बल्लेबाजों को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

डबलिन, 19 अगस्त : कप्तान जसप्रीत बुमराह की शानदार वापसी से उत्साहित भारतीय टीम रविवार को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके 3 मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत इसके साथ ही बेहतर मौसम की भी उम्मीद करेगा जिससे उसके युवा बल्लेबाजों अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा। बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण ने श्रृंखला के पहले मैच में आयरलैंड को 7 विकेट पर 139 रन ही बनाने दिए। लेकिन भारतीय पारी में बारिश के कारण उसके मध्यक्रम के बल्लेबाजों को खेलने का मौका नहीं मिला। भारतीय टीम ने जब 6.5 ओवर में दो विकेट पर 47 रन बनाए थे कभी बारिश आ गई जिसके कारण आगे का खेल नहीं हो पाया। भारत




ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से दो रन से जीता।

भविष्य के भारतीय बल्लेबाजों की सूची में शामिल शिवम दुबे, रुतुराज गायकवाड और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाज उम्मीद कर रहे होंगे कि उन्हें क्रीज पर पर्याप्त समय बिताने का मौका मिलेगा। पहले मैच में अच्छी शुरुआत के बाद आऊट होने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल बड़ी पारी खेलने का प्रयास करेंगे जबकि पहली गेंद पर आऊट होने वाले तिलक वर्मा भी वैस्टइंडीज दौरे की अपनी फॉर्म बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। भारत के शीर्ष क्रम में अधिकतर वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने हाल में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में खेल रही

## टीमें

**भारत :** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज.अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान।

**आयरलैंड :** एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, रॉस अडायर, मार्क अडायर, क्रिटस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, बेन व्हाइट, क्रेग यंग, थियो वैन वेर्कोम।

**मैच शुरू : भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से**

भारतीय टीम की बल्लेबाजी में विकेटकीपर संजू सैमसन ही कुछ अनुभवी हैं।

चोटों के कारण परेशान रहे ऑलराऊंडर वाशिंगटन सुंदर भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने का अनुभव रखते हैं और बुमराह बल्लेबाजी में उनकी सेवाएं भी ले सकते हैं। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा ने चोटों से उबरने के बाद शानदार वापसी की। इन दोनों तेज गेंदबाजों ने पहले मैच में दो-दो विकेट लिए। कृष्णा का यह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहला मैच भी था। यहां जिस तरह की परिस्थितियां हैं उसमें टॉस की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत इस मामले में पहले मैच में भाग्यशाली रहा। मैच में दो विकेट लेने वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने बाद में स्वीकार किया कि भारत को टॉस जीतने का फायदा मिला, जहां तक आयरलैंड का सवाल है तो उसकी टीम बुमराह से पहले ओवर में मिले दो झटकों से वापसी करने में सफल रही थी। उसकी टीम को अगर सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद मजबूत भारतीय टीम को चुनौती देनी है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को यदि भारत के सामने चुनौती पेश करनी है तो उसके अनुभवी खिलाड़ियों पॉल स्टिर्लिंग, एंड्रयू बालबर्नी, जोशुआ लिटिल, क्रेग यंग और जॉर्ज डॉकरेल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# अनुराग ठाकुर ने भारतीय पहलवानों की सराहना की

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**



नई दिल्ली, 19 अगस्त : अंतिम पंघल ने शुक्रवार को अपने 53 किग्रा वर्ग के खिताब का बचाव करते हुए लगातार अंडर-20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनकर इतिहास रच दिया। पंघल ने अपनी यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी मारिया येफ्रेमोवा को 4-0 से हराया। इस बीच भारतीय पहलवान सविता 62 किग्रा वर्ग में और प्रिया मलिक 76 किग्रा में अंडर-20 विश्व चैंपियन बनीं जबकि, अंतिम कुंडू ने 65 किग्रा में रजत और रीना ने 57 किग्रा, आरजू ने 68 किग्रा, हर्षिता ने 72 किग्रा में कांस्य पदक जीता। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई दी। इतिहास को फिर से लिखने और दूसरी बार अंडर-20 विश्व चैंपियन (53 किग्रा) बनने और खिताब बरकरार रखने वाली पहली और एकमात्र भारतीय महिला पहलवान बनने पर अंतिम को हार्दिक बधाई। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि हमारे टॉपस्कीम पहलवान ने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प के साथ अपने विश्व खिताब का बचाव किया। वह पूरे टूर्नामैंट में मैट पर अपने अविश्वसनीय कौशल और आत्मविश्वास से चमकती रहीं। पूरा देश उनकी उपलब्धियों से खुश है। शानदार प्रयास अंतिम, एशियाई खेलों में आपके प्रदर्शन का इंतजार कर रहा हूं।

# स्वीडन ने ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर महिला विश्वकप में तीसरा स्थान हासिल किया




**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

ब्रिस्बेन, 19 अगस्त : स्वीडन ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ मैच में अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए शनिवार को यहां सह मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से हराकर महिला विश्वकप फुटबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। स्वीडन की तरफ से फ्रिडोलिना रोल्फो और कोसोवरे असलानी ने गोल किए। रोल्फो ने पैनेल्टी पर गोल किया। स्वीडन ने इस तरह से विश्वकप में तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैचों में अपना परफैक्ट रिकॉर्ड बरकरार रखा। यह चौथा अवसर है जबकि स्वीडन ने सैमीफाइनल में हारने के बाद तीसरे स्थान के प्ले ऑफ मुकाबले में जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह टूर्नामैंट का निराशाजनक अंत रहा। उसने सह मेजबान का फायदा उठाकर पहली बार सैमीफाइनल में जगह बनाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दो मैच गंवाए। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में खेले गए इस टूर्नामैंट को रिकॉर्ड दर्शकों ने देखा। टूर्नामैंट का फाइनल रविवार को यूरोपीय चैंपियन इंगलैंड और स्पेन के बीच खेला जाएगा।

# एशिया कप : पी.सी.बी. चार मैचों की सुरक्षा के लिए 10 करोड़ की राशि खर्च करेगी

**सवेरा न्यूज/अशोक नीर**

● **पाकिस्तान पंजाब सरकार फ्लड लाइट का करेगी प्रबंध, भुगतान करेगा पी.सी.बी.**

अमृतसर, 19 अगस्त : लाहौर और मुल्तान में एशिया कप के 4 मैच खेलने वाली अंतर्राष्ट्रीय क्रि केट टीमों के मार्ग पर सुरक्षा कवर के लिए लाइटें लगाने की लागत वहन करने को लेकर पाकिस्तान पंजाब सरकार और पाकिस्तान क्रि केट बोर्ड (पी.सी.बी.) के बीच पैदा हुआ गतिरोध शुक्रवार को समाप्त हो गया।इन मैचों में शामिल खिलाड़ियों व दर्शकों की सुरक्षा के लिए पी.सी.बी. ने 10 करोड़ रुपए का भुगतान करने पर अपनी सहमती दे दी है।दूसरी तरफ,पाकिस्तान पंजाब सरकार मुल्तान में 30 अगस्त को होने वाले मैच के लिए फ्लड लाइट की व्यवस्था करने पर सहमत हो गई है। पी.सी.बी. इसका भुगतान भी करेगी। इस मुद्दे पर सरकार और पी.सी.बी. के बीच ठन गई थी क्योंकि पी.सी.बी. ने जोर देकर कहा था कि क्रिकेट बोर्ड को लागत का भुगतान करना चाहिए। इस साल फरवरी-मार्च में पाकिस्तान सुपर लीग (पी.एस.एल.) मैचों से पहले भी इस मुद्दे पर बातचीत के दौरान विस्तृत चर्चा और गर्म बहस का आदान-प्रदान देखा गया था। शुक्रवार को पंजाब सरकार के साथ बैठक में पी.सी.बी. ने खर्च के लिए 10 करोड़ रु पए देने पर सहमति जताई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) मियां शकील ने कहा कि पी.सी.बी. अध्यक्ष जका अशरफ के साथ एक बैठक हुई है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि बोर्ड एशिया कप के बाद लाइटें खरीदेगा, जबकि फिलहाल पंजाब सरकार लाइटों की व्यवस्था करेगी, लगाएगी। इस साल फरवरी-मार्च में पीएसएल शुरू होने से पहले पंजाब सरकार ने लाइट खरीदने और पूर्ण सुरक्षा कवर प्रदान करने के लिए 45 करोड़ रुपए की मांग की थी। लेकिन बाद में इसकी मांग घटाकर 25 करोड़ रुपए कर दी गई थी।

# भारत में फुटबॉल की केंद्रीय अकादमी को आकार देंगे आर्सेन वेंगर

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**



नई दिल्ली, 19 अगस्त : महान कोच और वर्तमान में फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ संयुक्त रूप से भारत में एक केंद्रीय अकादमी की स्थापना को अंतिम रूप देने के लिए अक्तूबर के दूसरे सप्ताह में यहां आएंगे। फैडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे महासचिव डा. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को सिडनी में वेंगर समेत फीफा के अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद चौबे ने कहा कि मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम फीफा के साथ मिलकर भारत में एक अत्याधुनिक केंद्रीकृत अकादमी स्थापित करने की कगार पर हैं, जिसमें आर्सेन वेंगर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनके अनुभव और हमारी मेहनत के साथ हम भारत के लिए भविष्य के सितारे तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उम्मीद है कि वेंगर सितंबर में एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे।'' डॉ. प्रभाकरन ने कहा, '' हम इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए आर्सेन वेंगर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

# गुरुग्राम के संहित बिश्नोई ने पी.जी.टी.आई. में पहला खिताब जीता

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

चेन्नई, 19 अगस्त : गुरुग्राम के संहित बिश्नोई ने 8 अंडर 64 के शानदार स्कोर के साथ इंडिया सीमैंट्स प्रो चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया। पेशेवर बनने के बाद संहित का यह पहला पीजीटीआई खिताब है। इस 22 खिलाड़ी ने 50 लाख रुपए इनामी टूर्नामैंट को कुल 20 अंडर (66-68-70-64) के स्कोर के साथ अपने नाम किया। टीएनजीएफ कॉसमॉस गोल्फ कोर्स पर पहली बार आयोजित इस टूर्नामैंट को जीतने के बाद संहित ने कहा कि एक पेशेवर के रूप में अपने दूसरे सत्र में खिताब जीतने पर मुझे वास्तव में अच्छा लग रहा है, जब आप जानते हैं कि आपकी कड़ी मेहनत सफल हो रही है, तो इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने इस जीत को परिवार और बहन गौरिका बिश्नोई को समर्पित करते हुए कहा कि मैं यह जीत अपने माता-पिता और अपनी बहन गौरिका को सर्मिपत करता हूं जो एक पेशेवर गोल्फर भी हैं। मैं अपने दिन के खेल के बाद उनसे बात करता रहता हूं और अक्सर उनकी सलाह लेता हूं। उनके पास एक पेशेवर गोल्फर के रूप में उनके पास मुझसे कहीं अधिक वर्षों का अनुभव है।

# भारतीय पुरुष स्कीट और राइफल निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

बाकू (अजरबेजान), 19 अगस्त : भारतीय पुरुष स्कीट टीम और 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया। एक दिन पहले शिवा नरवाल और ईशा सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। टीम स्पर्धा में 25-25 शॉट के पांच राउंड में अंगद वीर सिंह बाजवा ने 121, अनंत जीत सिंह नारूका ने 120 और गुरजोत खांगुरा ने 115 अंक से कुल 356 अंक बनाए जिससे टीम 14वें स्थान पर रही।



अमरीका के विन्सेंट हैंकॉक (125), क्रिस्टियन इलियट (123) और डस्टान टेलर (121) की टीम ने 369 अंक के स्कोर से स्वर्ण पदक जीता जबकि यूनान ने 366 अंक से रजत पदक जीता। इटली ने कुल 365 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। व्यक्तिगत वर्ग में भी तीन में से कोई भी भारतीय शीर्ष 25 में जगह नहीं बना सका जिससे छह निशानेबाजों के फाइनल्स में नहीं पहुंच सके। बाजवा (121) 29वें, अनंत जीत (120) 44वें और गुरजोत (115) 95वें स्थान पर रहे। भारत का 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसमें सभी तीनों निशानेबाज दिव्यांश सिह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिह तोमर और हृदय हजारिका अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके। तीनों ने मिलकर 1878.5 अंक बनाए जिससे टीम स्पर्धा में वे 10वें स्थान पर रहे।

**रेल कोच फैक्टरी कपूरथला**

**ई-निविदाकरण**

**खुली निविदा सूचना नं. एनआईटी-105-ए/2023-24 तिथि 17.08.2023**

डिप्टी सीईई/पीएस, रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा के लिए ई-निविदाकरण के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.30 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित हैं और उसके बाद खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | निविदा नं. | कार्य का नाम | लगभग लागत | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RCF-EL-TS-ET-105-A-2023-24 | रेल कोच फैक्टरी, कपूरथला में सब स्टेशन नं. 11, 10 और 12 में एपीएफसी पैनल्स का परिशोधन। | Rs. 324877/- | Rs. 6500/- |

• पूर्णता की अवधि : 3 महीने • समापन और खुलने की तिथि : 08.09.2023

1) निविदाकर्त्ता को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली प्रतिभूति नैट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15.30 बजे तक तथा से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगा। 3) निविदाकार के पास कार्य निविदाओं की ई-निविदाकरण में भाग लेने के लिए श्रेणी- III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना चाहिए 4) विवरण के लिए, कृपया IREPS वैबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें 5) GST अधिनियम 2017 के अनुसार GST लगाया जाएगा।

डिप्टी सीईई/पीएस

टी.नं.: जी-आरसीएफ-122/विविध/74/2023-24 तिथि : 19.08.2023

# भारत के कंपाऊंड तीरंदाजों ने पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

पैरिस, 19 अगस्त : भारत के कंपाऊंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्वकप के चौथे चरण में शनिवार को यहां पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष कंपाऊंड टीम ने क्रिस शेफ, जेम्स लुत्ज और सॉयर सुलिवन की दूसरी वरीयता प्राप्त अमरीकी टीम को 236-232 से हराया। इस महीने के शुरू में बिंलन में विश्व चैंपियन बनने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कंपाऊंड महिला टीम ने मैक्सिको के खिलाफ कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद एक अंक से जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह से सत्र के आखिरी विश्वकप में अभी तक दो स्वर्ण और इतने ही कांस्य पदक जीत लिए हैं। ज्योति





व्यक्तिगत वर्ग में भी पदक की दौड़ में शामिल है। भारतीय पुरुष कंपाऊंड टीम पहले दौर के बाद एक अंक से पीछे चल रही थी क्योंकि अमरीकी टीम में 60 अंक का परफैक्ट स्कोर बनाया था। भारतीय टीम ने हालांकि निरंतरता बनाए रखी और अगले दौर में भी 59 का स्कोर बनाया। दूसरे दौर में अमेरिकी टीम ने दो अंक गंवाए जिससे स्कोर 118-118 से बराबर हो गया। तीसरे दौर में भी दोनों टीमें बराबरी पर रही लेकिन भारतीय टीम ने चौथे दौर में परफैक्ट 60 का स्कोर बनाया और अपने से अधिक रैंकिंग की अमेरिकी टीम को चार अंकों से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को हराया था। दोनों टीम नियमित दौर और टाईब्रेकर के बाद भी बराबरी पर चल रही थी लेकिन भारतीय टीम को केंद्र के अधिक करीब निशाने लगाने के कारण विजयी घोषित किया गया। क्वालिफिकेशन में चोटी पर रहने के कारण शीर्ष वरीयता हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम दूसरे दौर के बाद 118-117 से आगे चल रही थी। तीसरे दौर में उसने तीन अंक गंवाए जबकि मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा, एना हर्नांडेज. जियोन और डेफने क्विंटरो ने 59 का स्कोर बनाकर 176-175 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि धैर्य बनाए रखा और अंतिम दौर में 59 का स्कोर बनाकर 234-233 से स्वर्ण पदक जीता। भारत ने इससे पहले रिकर्व टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। धीरज बोम्मदेवरा, अतनु दास और तुषार प्रभाकर शेल्के की रिकर्व पुरुष टीम ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्पेन के पाब्लो आचा, युन सांचेज.और एंड्रेस टेमिनो को हराकर कांसे का तमगा हासिल किया।

# वापसी पर बोले बुमराह, ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया

**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

डबलिन, 19 अगस्त : आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को अपने वापसी मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने बहुत कुछ मिस किया है या वह पूरी तरह से कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी पर युवा भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए, बुमराह ने बेहतरीन शुरुआत की और पारी के पहले ही ओवर में विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 2 विकेट लिए। मैच के बाद बुमराह ने कहा कि बहुत अच्छा लगा, मैंने एनसीए में इतने सारे सत्र किए, ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया या कुछ नया कर रहा हूं। स्टाफ को क्रेडिट दूंगा, उन्होंने मुझे अच्छे तरीके से रखा। नर्वस नहीं हूं लेकिन बहुत खुश हूं।

**रेल कोच फैक्टरी कपूरथला**

**प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना**

**रेल कौशल विकास योजना**

''प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना'' के अधीन ''रेल कौशल विकास योजना'' प्रशिक्षण कार्यक्रम के आवेदन के लिए सूचना

महीना सितंबर '2023 में प्रशिक्षण के लिए

नोटिफिकेशन नं. आरकेवीवाई/23/08 तिथि : 07.08.2023

www.railkvy.indianrailways.gov.in

अन्य जानकारी के लिए कृपया वैबसाइट www.railkvy.indianrailways.gov.in का हवाला लें।

महाप्रबंधक/पी

नं. जी-आरसीएफ/122/विविध/75/2023-24 तिथि : 19.08.2023




# खाना-खजाना

## मीठे में बनाएं रसमलाई ब्लॉन्डी

**फैस्टिवल** सीजन प्रारम्भ हो चुका है। त्यौहार पर मिठाइयों का अपना महत्व है मिठाई के बिना त्यौहार ही अधूरा सा लगता है। युवा पीढ़ी को परम्परागत मिठाइयों के स्थान पर फ्यूजन डिशेज अधिक पसन्द आतीं हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही एक फ्यूजन डिश बनाना बता रहे हैं जिसमें आपको देशी रसमलाई और विदेशी ब्राऊनी दोनों ही स्वाद मिलेंगे। आप इसे बनाकर फ्रिज में भी रख सकतीं हैं तो आइए देखते हैं कि इसे कैसे बनाया जाता है।

**कितने लोगों के लिए** 8-10
**बनने में लगने वाला समय** 40 मिनट
**मील टाइप** वैज



**सामग्री**

- व्हाइट चॉकलेट 150 ग्राम
- मक्खन 100 ग्राम
- रूम टेम्प्रेचर का दूध 100 ग्राम
- कंडेंस्ड मिल्क आधा टिन
- रसमलाई एसेंस 1/4 टीस्पून
- इलायची पाऊडर 1/4 टीस्पून
- मैदा 150 ग्राम
- बैकिंग पाऊडर 1/4 टीस्पून
- जायफल पाऊडर 1 चुटकी
- पीला फूड कलर 2-3 बूंद
- तैयार रसमलाई 250 ग्राम

**सामग्री(गनाश के लिए)**

- व्हाइट चाकलेट 150 ग्राम
- व्हिप्ड क्रीम 1/4 कप
- इलायची पाऊडर 1/4 टीस्पून

**सामग्री(सजाने के लिए)**

- बारीक कटे बादाम, पिस्ता 1/4 कप
- सूखी गुलाब की पंखुडी 4-5
- केसर के धागे 3-4
- चांदी का वर्क 1 फ्लैक्स

**विधि**

माइक्रोवेब में बटर और आधी व्हाइट चॉकलेट को 1-1 मिनट पर चलाते हुए पूरी तरह मेल्ट कर लें। जब थोड़ा सा ठंडा हो जाए तो दूध, मैदा, फूड कलर, इलायची पाऊडर, जायफल पाऊडर, एसेंस और कंडेस्ड मिल्क डालकर अच्छी तरह चलाएं। अब इस मिश्रण को एक चौकोर डिश में डालकर 5 मिनट प्रीहीट किए ओवन में 20 मिनट तक 180 डिग्री पर बेक करें। एक साफ चाकू डालकर चेक करें यदि मिश्रण चाकू में न चिपके तो समझें कि ब्राऊनी बेक हो गई है। अब इसे अच्छी तरह ठंडा होने दें। बची व्हाइट चाकलेट को माइक्र ोवेब में मेल्ट करके 2 टेबलस्पून रसमलाई वाला दूध धीरे-धीरे अच्छी तरह मिलाएं। व्हिप्ड क्रीम में पिघली व्हाइट चॉकलेट और इलायची पाऊडर डालकर मिश्रण के एकसार होने तक मिलाएं। अब व्हिपड क्रीम से एक चाकू की सहायता से पूरी ब्राऊनी को कवर कर दें। रसमलाई को बीच से काट लें । तैयार ब्लॉन्डी को ऊपर से गुलाब पंखुरी, कटे बादाम पिस्ता, कटी रसमलाई और चांदी के फ्लैक्स से सजाएं और आधे घंटे बाद फ्रिज में रखकर सर्व करें।

## ब्रेकफास्ट में बनाएं हैल्दी टोस्ट



**बच्चों** के लिए अगर आप हैल्दी रैसिपी नाश्ते के लिए ट्राई करना चाहती हैं तो टोस्ट की ये नई और आसान रैसिपी आपके लिए परफैक्ट ऑप्शन है। इसे आप अपने बच्चों को टिफिन में पैक करके दे सकते हैं।

**सामग्री**

- 9-10 ब्रैडस्लाइस
- 3-4 अनन्नास स्लाइस
- 1 सेब
- 1 नाशपाती
- 1 कप चीज कसा
- 1 बड़ा चम्मच शहद
- 1 बड़ा चम्मच मेयोनीज
- 1 छोटा चम्मच ऑरिगैनो
- नमक स्वादादुसार।

**विधि**

ब्रैड के किनारे काट लें। फलों को बारीक टुकड़ों में काट लें। इन में मेयोनीज, शहद व नमक मिला लें। नॉन स्टिक तवे पर ब्रैड को एक तरफ से सेंक लें। अब सारी सिंकी ब्रैड के सुनहरे हिस्से पर तैयार फल फैलाएं। कसा चीज बुरकें और ब्रैड को दोबारा नॉनस्टिक तवे पर धीमी आंच पर नीचे से सुनहरा होने तक सेंकें। सेंकते समय ब्रैड के पीसों को ढक दें ताकि ऊपर का चीज पिघल जाए। फिर मनचाहे आकार में काटें और ओरिगैनो बुरक कर चाय के साथ परोसें।

## कुछ मिनटों में ऐसे बनाएं ओट्स इडली

**अगर** आपके पास ब्रेकफास्ट बनाने का समय नहीं है तो आप इस ओट्स इडली को बना सकती हैं। यह काफी टेस्टी होती है और साथ ही इसे बनाना भी काफी आसान होता है। इडली बनाने के लिये आप उसमें गाजर, हरी मटर या अन्य अपनी मन पसंद सब्जियां भी मिला सकती हैं। इसमें अदरक भी मिलाया जा सकता है, जिससे इडली का स्वाद टेस्टी हो जाए। आप दही की मात्रा को अपने अनुसार एडजस्ट कर सकती हैं। अब आइए देखते हैं ओट्स इडली बनाने की विधि

**कितन लोगों के लिए - 8**
**तैयारी में समय- 15 मिनट**
**पकाने में समय- 15 मिनट**



**सामग्री**

- ओट्स 1 कप
- रवा 1/2 कप
- दही 1/2 कप
- अपने पसंद की सब्जियां जरूरत अनुसार
- पानी 1/2 कप
- नमक 1 छोटा चम्मच
- इनो फ्रूट सॉल्ट 1/2 छोटा चम्मच
- नींबू 1
- हरी मिर्च, बारीक कटी 2 नग
- कटा हरा धनिया 1 चम्मच
- कटा हुआ अदरक 1 छोटा चम्मच
- तड़का लगाने के लिए तेल 1 बड़ा चम्मच
- सरसों 3/4 छोटा चम्मच
- उड़द की दाल 1 छोटा चम्मच
- चना दाल 1 छोटा चम्मच
- कड़ी पत्ते 1 गुच्छा

**विधि**

- सबसे पहले ओट्स को किसी गरम पैन में 3 मिनट के लिए रोस्ट कर लें। फिर उसे ठंडा कर के मिक्सी में पीस कर पाऊडर बना लें।
- अब पैन को गैस पर चढ़ा कर उसमें तेल गरम करें। फिर उसमें तड़के वाली सामग्रियां डाल कर बाद में सब्जियां डालें।
- फिर उसमें अदरक, हरी मिर्च, धनिया डाल कर फ्राई करें।
- उसके बाद इसमें रवा डालें और फ्राई करें।
- अब इसे मिक्सी में डालें और उसमें ओट्स पाऊडर, दही, नींबू का रस तथा पानी डाल कर इडली के लिये घोल तैयार करें।
- मिक्सी से घोल निकाल कर उसमें इनो डालें। इससे आपकी इडली बिल्कुल फूली हुई बनेगी।
- अब इस घोल को इडली बनाने वाले सांचे में डालें और इडली को 10-15 मिनट के लिये पकाएं।
- सांचे में हमेशा तेल लगा लेना चाहिये नहीं तो इडली चिपक जाएगी।
- जब इडली हो जाए तब इसे थोड़ा ठंडा होने के बाद सर्व करें।

## बच्चों को खूब पसंद आएगा बेसन का हलवा

**अगर** आप हलवे की नई रैसिपी ट्राई करना चाहती हैं तो बेसन के हलवे की नई रैसिपी बनाएं।

**सामग्री**

- एक चम्मच घी,
- एक कप फ्रैश मलाई,
- एक कप बेसन,
- दो कप पानी,
- एक कप चीनी

**विधि**

एक कढ़ाही लें। इसमें घी और मलाई डाल लें, फिर इसे पांच से छह बार उबाल लें। अब इसमें बेसन डाल लें। जब तक इसका कलर ब्राऊन न हो जाए, तब तक इसे भूनते रहें। एक अलग बरतन में चीनी और पानी को पकने रखें। जब तक चीनी इसमें घुल न जाए, तब तक इसे आंच पर रखकर चलाते रहें। अब इस पके हुए सिरप को बेसन में डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। फाइनली इसे ड्राई फ्रूट्स से सजाएं।



गर्मा-गर्म बेसन का हलवा सर्व करने के लिए तैयार है। हां, अगर आप इसे कम फैटी बनाना चाहती हों, तो घी न डालें। क्योंकि मलाई से ऑयल निकलेगा ही।

# कारोबार

## एक दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न कालेजों और विश्वविद्यालयों से 40 प्रतिभागियों ने लिया भाग



सवेरा न्यूज, कास.

नई दिल्ली, 19 अगस्त : जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाकनाघाट के जैव प्रौद्योगिकी और जैव सूचना विज्ञान विभाग द्वारा रसायन विज्ञान नवाचारों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों से लगभग 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि लगभग 60 छात्र ऑनलाइन मोड के माध्यम से कार्यशाला में शामिल हुए। प्रोफैसर वेंकट कृष्णन, प्रोफैसर आईआईटी मंडी ने हरित रसायन विज्ञान पर एक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आर.के. शर्मा ने किया। विभाग के एचओडी प्रोफैसर सुधीर कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित थे और इस कार्यक्रम का समन्वय डीएसटी-एसईआरबी प्रायोजित परियोजना में वैज्ञानिक सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के तहत डा. पूनम शर्मा द्वारा किया गया था।

## टी.पी.सी.आई. ने विश्व फर्नीचर परिसंघ के साथ किया गठजोड़, भारत में फर्नीचर उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

- फर्नीचर के लगभग 250 अरब अमरीकी डॉलर के वैश्विक बाजार में भारत की बहुत कम हिस्सेदारी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्त : भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (टी.पी.सी.आई.) ने कहा कि उसने विश्व फर्नीचर परिसंघ के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत फर्नीचर बनाने के लिए देश में आधुनिक औद्योगिक क्लस्टर स्थापित किए जाने हैं। फर्नीचर के लगभग 250 अरब अमरीकी डॉलर के वैश्विक बाजार में भारत की बहुत कम हिस्सेदारी है। यूरोपीय संघ (ईयू) और चीन लगभग 100 अरब अमरीकी डॉलर का फर्नीचर निर्यात करते हैं। सिर्फ अमरीका 72 अरब अमरीकी डॉलर के फर्नीचर का आयात करता है और वह सबसे बड़ा आयातक है। टी.पी.सी.आई. के चेयरमैन मोहित सिंगला ने कहा कि भारत के लिए निर्यात को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने का एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के जरिए दुनिया के प्रमुख फर्नीचर विनिर्माताओं के साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि एमओयू के तहत भारत में फर्नीचर औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने के लिए वैश्विक निकाय और टी.पी.सी.आई. के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त जमीन, सबसे किफायती कुशल श्रम और सहायक लॉजिस्टिक तथा गोदाम जैसे बुनियादी ढांचे हैं। भारत को अमरीकी बाजार में फर्नीचर के निर्यात के लिए सभी उत्पादों पर शून्य शुल्क की सुविधा हासिल है। इस समय भारतीय फर्नीचर उद्योग काफी हद तक असंगठित है और मुख्य रूप से केवल हाथ से बने फर्नीचर पर जोर दिया जाता है। सिंगला ने कहा कि इस सहयोग से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आएगा, भारत के फर्नीचर निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और आयात पर निर्भरता कम होगी।



## महिंद्रा ने वायरिंग में दिक्कत आने पर लगभग एक लाख एक्सयूवी700 वापस मंगवाई

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्त : महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) एक्सयूवी700 के इंजन में वायरिंग (तार) संबंधी दिक्कत का परीक्षण करने के लिए लगभग एक लाख गाड़ियां वापस मंगवाई हैं। यह जानकारी कंपनी ने दी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने 8 जून 2021 से 28 जून, 2023 तक बनीं 1,08,306 एक्सयूवी700 के इंजन में तारों का परीक्षण करने के लिए वापस मंगाया है। कंपनी ने वायरिंग में घर्षण से कट लगने के संभावित खतरे के चलते यह कदम उठाया है। एमएंडएम ने कहा कि साथ ही 16 फरवरी 2023 से 5 जून 2023 तक बनीं 3,560 एक्सयूवी400 का भी परीक्षण किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि सभी ग्राहकों के लिए निरीक्षण और उसके बाद सुधार नि:शुल्क किया जाएगा।

## उद्योगपति रतन टाटा को उद्योग रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

- टाटा को 'उद्योग रत्न' के रूप में सम्मानित करने से पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ी

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 19 अगस्त : दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को शनिवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्थापित प्रथम 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने 'टाटा संस' के 85 वर्षीय मानद चेयरमैन को यह पुरस्कार दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित उनके आवास पर प्रदान किया। पुरस्कार में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) की ओर से एक शॉल, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिन्ह शामिल था। बाद में पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि टाटा को 'उद्योग रत्न' के रूप में सम्मानित करने से पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में टाटा समूह का गहन योगदान है। टाटा का मतलब भरोसा है। टाटा समूह 6 महाद्वीपों के 100 से अधिक देशों में कारोबार करता है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Mr. Mandeep Kaur
Civil Judge (Junior Division) -19, Jalandhar
CHAIN SINGH MEHRA
VS.
CHARANJIT SINGH
CS/4111/2018
CNR. No. PBJL02-002277-2018
Next Date : 11-09-2023
**PUBLICATION ISSUED TO :**
DEF NO-(5) BACHAN KAUR D/O LATE KARTAR SINGH (6) AMARJIT KAUR D/O LATE KARTAR SINGH BOTH R/O EP-273 CHOWK KADE SHAH INSITE SAIDAN GATE JALANDHAR.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 11-09-2023 at 10.00a.m.
for details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=jalandhar
Civil Judge (Junior Division)-19
Jalandhar
Dated, this day of 10-08-2023

## के.आर. मंगल विश्वविद्यालय ने फ्रैशरमैन ओरिएंटेशन आरंभ को उत्साह के साथ मनाया



आरंभ को उत्साह को मनाते गणमान्य।

सवेरा न्यूज, कास.

नई दिल्ली, 19 अगस्त : के.आर. मंगल विश्वविद्यालय विद्यालय ने फ्रैशरमैन ओरिएंटेशन कार्यक्रम आरंभ को बड़े जोश, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया। विश्वविद्यालय द्वारा आरंभः एम्ब्रेसिंग न्यू होराइजन्स नामक कार्यक्र म का आयोजनसत्र 2023-24 के नवागंतुकों का स्वागत करने के लिए आयोजित किया गया। आपको बता दें कि इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ उपस्थिति दर्ज की। इस कार्यक्र म में कुलाधिपति पद्म प्रो. दिनेश सिंह, अध्यक्ष यश देव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, रोहित गुप्ता, कुलपति प्रो. सी.एस. दुबे, रजिस्ट्रार ग्रुप-कैप्टन प्रवीण महाजन (सेवानिवृत्त), के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के डीन और संकाय सदस्य उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवागंतुकों को विश्वविद्यालय के सकारात्मक वातावरण, शैली एवं मूल्यों के साथ परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर चन्द्रशेखर दुबे नेनवागंतुको का स्वागत करते कहा किआपका आगमन हमारे लिए एक गर्व और उत्साहपूर्ण पल है। हमारे यहां आप अकादमिक ज्ञान के साथ व्याहारिक ज्ञान, विभिन्न सांस्कृतिक एवम कौशल विकास के कार्यक्रमों द्वारा अपना सर्वांगीण विकास करेंगे। इस मौके पर प्रो. वरु णा त्यागी, डीन एकैडमिक अफेयर्स ने विद्यार्थियो को बताया कि वो कैसे विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों, क्लब्स, संगठनों और समृद्ध संसाधनों का हिस्सा बन सकते हैं।

## आयकर विभाग ने दिल्ली, मुंबई में ई-एडवांस रूलिंग को चालू किया

सवेरा न्यूज/एजैंसी

नई दिल्ली, 19 अगस्त : आयकर विभाग ने कहा कि दिल्ली और मुंबई में एडवांस रूलिंग बोर्ड चालू कर दिए गए हैं। ये बोर्ड ईमेल आधारित प्रक्रियाओं के जरिए काम करेंगे और वीडियो कॉन्फ्रैंस के माध्यम से सुनवाई करेंगे। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने सितंबर, 2021 में एडवांस रूलिंग के लिए तीन बोर्डों का गठन किया था। इसके साथ ही एडवांस रूलिंग की पूरी प्रक्रिया को न्यूनतम प्रत्यक्ष शारीरिक हस्तक्षेप वाला और अधिक कुशल, पारदर्शी तथा जवाबदेह बनाने के लिए ई-एडवांस रूलिंग की योजना शुरू की गई थी। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली और मुंबई में एडवांस रूलिंग बोर्ड का संचालन शुरू हो गया है। इन बोर्डों ने ई-मेल-आधारित प्रक्रियाओं के जरिए काम करना और वीडियो कॉन्फ्रैंस के माध्यम से सुनवाई करना शुरू कर दिया है।




## बी.पी.सी.एल. ने राहुल द्रविड़ को अपना ब्रांड एंबैसडर घोषित किया

सवेरा न्यूज/एजैंसी

मुंबई, 19 अगस्त : भारत पैट्रोलियम, दूसरी सबसे बड़ी भारतीय तेल विपणन कंपनी और भारत की प्रमुख एकीकृत ऊर्जा कंपनियों में से एक ने क्रिकेट के दिग्गज और भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान प्रमुख कोच, राहुल द्रविड़ को अपना नया ब्रांड एंबैसडर नियुक्त किया है। यह अविश्वसनीय साझेदारी गुणवत्ता, प्रामाणिकता और उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। राहुल द्रविड़ की उल्लेखनीय खेल भावना, रोल मॉडल का दर्जा, ईमानदारी, निर्भरता और भरोसेमंदता उन मूल्यों को पूरी तरह से दर्शाती है जिनके लिए हम खड़े हैं और उन्हें ब्रांड बीपीसीएल के लिए बिल्कुल उपयुक्त बनाते हैं। राहुल द्रविड़ बीपीसीएल की प्रतिष्ठित प्योर फॉर श्योर पहल और एमएके स्नेहक की श्रृंखला का समर्थन करेंगे। राहुल द्रविड़ का स्वागत करते हुए, बीपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री जी. कृष्णकुमार ने कहा कि हमें बीपीसीएल परिवार में राहुल द्रविड़ का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है।



दैनिक सवेरा टाइम्स
9
# विश्व दर्शन
जालंधर, रविवार, 20 अगस्त 2023 www.dainiksaveratimes.com

## सनी की 'कैनेडी' आईएफएफएम में अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार

सवेरा न्यूज

**मुंबई** : सनी लियोनी की प्रतिभा और करिश्मा ने दुनियाभर में उनके प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। अभिनेत्री को अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'कैनेडी' में चार्ली की भूमिका के लिए प्रशंसा मिल रही है, जिसमें राहुल भट्ट भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के एक्टर्स फिलहाल इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल मेलबर्न (आईएफएफएम) में अपनी फिल्म का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। साथ ही कैनेडी इस फिल्म महोत्सव में बतौर क्लोजिंग फिल्म दिखाई जाएगी। आईएफएफएम फिल्म निर्माण की कला के माध्यम से अंतर-सांस्कृतिक समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देने में लगातार सबसे आगे रहा है। इस वर्ष के महोत्सव ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले फिल्म प्रेमियों को फिल्मों के एक विविध चयन का वादा किया। 20 अगस्त को फिल्म कैनेडी के साथ आईएफएफएम का समापन होगा।



## काजोल-कृति सैनन की फिल्म दो पत्ती की शूटिंग शुरू

सवेरा न्यूज

**मुंबई** : काजोल और कृति सैनन की आने वाली फिल्म 'दो पत्ती' की शूटिंग शुरू हो गई है। कृति सैनन अब निर्माता



बन गई है। कृति सैनन, कनिका ढिल्लों के साथ मिलकर फिल्म 'दो पत्ती' बना रही है। 'दो पत्ती' में काजोल की अहम भूमिका होगी। कृति 'दिलवाले' के 8 साल बाद काजोल के साथ 'दो पत्ती' में काम करती नजर आएंगी। 'दो पत्ती' की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म दो पत्ती को शशांक चतुर्वेदी निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म एक मिस्ट्री-थ्रिलर है। यह फिल्म नैटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## स्टार प्लस के शो बातें कुछ अनकही-सी का म्यूजिकल प्रमोशन

सवेरा न्यूज

**मुबई** : स्टार प्लस ने अपने शो बातें कुछ अनकही-सी के प्रमोशन के लिए सितारों से भरी एक शानदार




म्यूजिकल इवैंट की मेजबानी की। ऐसे में टी.वी. के कई पॉपुलर स्टार्स इस म्यूजिकल महफिल की शोभा बढ़ाते नजर आए जिसमें राजन शाही के हिट शोज अनुपमा और ये रिश्ता क्या कहलाता है की कास्ट ने भी हिस्सा लिया। चकाचौंध और ग्लैमर से भरपूर ये महफिल म्यूजिक बैकड्रॉप पर बेस्ड थी जो उनके नए शो की थीम के साथ भी अच्छी तरह से मैच हुई। इस इवैंट में बातें कुछ अनकही सी के टाइटल ट्रैक के लिए म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया गया, जिसमें मशहूर गायिका उषा उथुप और आइकोनिक युवा बैंड सनम ने म्यूजिक वीडियो के लिए अपने जादुई सहयोग को चिह्नित किया। इस दौरान म्यूजिकल महफिल में शामिल हुए स्टार प्लस के दोनों शोज के मैंबर्स ने शानदार अंदाज में कुणाल और वंदना का स्टार परिवार में स्वागत किया।

## जोया ने 'मेड इन हैवन 2' को लेकर लेखिका याशिका दत्त के दावों को बताया गलत

सवेरा न्यूज

**मुंबई** : जोया अख्तर की 'मेड इन हैवन 2' को लेकर हर तरफ खूब चर्चा है। जहां इस सीरीज को दर्शक पसंद कर रहे हैं वहीं, इस वैब सीरीज को लेकर कई तरह के दावे भी हो रहे हैं। हाल ही में लेखिका याशिका दत्त ने भी सोशल मीडिया पर एक दावा किया था और जोया एंड टीम पर आरोप लगाया कि 'मेड इन हैवन 2' में दिखाई गई कहानी उनकी लाइफ और बुक कमिंग आउट एज दलित पर आधारित है। पर अब जोया अख्तर, रीमा कागती, अलंकृता श्रीवास्तव और नीरज घेवान ने एक स्टेटमैंट जारी करते हुए इस पूरे मैटर पर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे वो किसी का भी हक और क्रैडिट नही मारेंगे। इसमें से कुछ भी याशिका दत्त के जीवन या उनकी किताब से नहीं लिया गया है।



**मुंबई : प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी की बर्थडे पार्टी में पहुंची फिल्मी हस्तियां। इस दौरान (बाएं से) कनिका कपूर, अनन्या पांडे, रणवीर सिंह, मालविका मोहनन, कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा तथा करिश्मा कपूर को स्पॉट किया गया।**




आलिया ने करीना संग यह पिक शेयर की जिसे उनके फैंस द्वारा काफी लाइक्स मिले।



श्रद्धा आर्या ने अपनी यह पिक शेयर की जिसे उनके फैंस ने खूब पसंद किया।



**मुंबई : इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर स्टाइलिश अंदाज में कैमरे में कैद हुए मनोरंजन जगत के सितारे। इस दौरान (बाएं से) वरुण धवन, शिल्पा शैट्टी कुंद्रा, पुलकित सम्राट, कृति खरबंदा, मलाइका अरोड़ा, अपनी लेडी लव सबा आजाद के साथ ऋतिक रोशन तथा बेटे संग काजल अग्रवाल को स्पॉट किया गया।**



**मैक्सिको सिटी (मैक्सिको) : यहां के प्रसिद्ध सौम्या म्यूजियम का दीदार करने पहुंचे पर्यटक। यह म्यूजियम अपनी गजब की आकृति के कारण प्रसिद्ध है।**



**मैसाचुसेट्स : 45वें वार्षिक प्रोविन्सटाउन कार्निवाल परेड के दौरान परफॉर्म करती सिंगर।**



**मैड्रिड (स्पेन) : वार्षिक फ्लावर फैस्टीवल के दौरान विभिन्न अंदाज में सजी महिलाएं परेड में हिस्सा लेती हुईं।**



**न्यूयार्क : फन फेयर गार्डन के लांच के मौके पर लोगों के मनोरंजन के लिए परफॉर्म करते कलाकार।**

### इंस्टा ट्रैंड



चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे ने रैड कलर की बॉडीकॉन ड्रैस पहने अपनी यह स्टाइलिश तस्वीर सोशल साइट पर शेयर की जिसे काफी लाइक्स मिले।



**मुंबई : अपनी आगामी फिल्म की प्रोमोशन के दौरान तमन्ना भाटिया।**



**मास्को (रूस) : म्यूजियम ऑफ द ग्रेट पैट्रियोटिक वार में प्रदर्शित विशालकाय कलाकृति का अद्भुत नजारा।**



**मैक्सिको : 'डे ऑफ डैड' फैस्टीवल से पूर्व सांता म्यूज की रचना को संवारते कलाकार। मृत लोगों की याद में यह त्यौहार यहां हर साल मनाया जाता है।**

**Fact** पुरुषों का दिल महिला के दिल के तुलना में थोड़ा अधिक भारी होता है।

# आजकल

**World Weather**

| | |
|---|---|
| अबु धाबी : 39/32 | न्यूयार्क : 31/22 |
| सिडनी : 20/09 | वैंकूवर : 26/14 |
| लंदन : 24/14 | टोरंटो : 28/21 |

**आज का इतिहास**

**2008** अरुणा साईं राम अमरीका में विशिष्ट सम्मान से सम्मानित

**1828** - राजा राम मोहन राय के ब्रह्म समाज के पहले सत्र का आयोजन कलकत्ता (अब कोलकाता) में संपन्न हुआ।

**1955** - मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकड़ों लोग मारे गए।


**1972** - तत्कालीन सोवियत रूस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।

**1979** - तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिनों के अंदर ही इस्तीफा दिया।




# कैंसर रोगियों में ब्लड क्लॉटिंग का खतरा बढ़ाता है COVID






**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

न्यूयॉर्क, 19 अगस्त : एक अध्ययन के अनुसार, कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती कैंसर रोगियों और कैंसर रोधी दवाएं लेने वालों में शिराओं से संबंधित थ्रोम्बोएम्बोलिज्म (वीटीई) विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है जो नसों में संभावित रूप से गंभीर खून के थक्के बना सकते हैं। जेएएमए ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि सिस्टमिक एंटी-कैंसर उपचार लेने वालों में वीटीई का जोखिम यह उपचार नहीं लेने वालों की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक था। कैलिफोर्निया, सिनसिनाटी, टैक्सास विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने कहा, हालांकि, दवाएं धमनी से संबंधित थ्रोम्बोम्बोलिज्म के उच्च जोखिम से जुड़ी नहीं थीं। उन्होंने पेपर में लिखा, 'ये निष्कर्ष कैंसर के रोगियों में कोविड-19 संबंधित थ्रोम्बोएम्बोलिज्म से जुड़ी रुग्णता और मृत्यु दर को रोकने के लिए करीबी निगरानी और शायद व्यक्तिगत थ्रोम्बोप्रोफिलैक्सिस की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं।'

## अध्ययन के लिए 4,988 कैंसर रोगी किए शामिल

**अध्ययन के लिए,** पूरे अमरीका की टीम ने दुनियाभर के 4,988 कैंसर रोगियों के डाटा का विश्लेषण किया, जिनमें मार्च 2020 से दिसंबर 2021 तक कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उन्होंने उन 1,869 रोगियों की तुलना जिन्हें कोविड-19 से पहले तीन महीनों में एंडोक्राइन थेरेपी, इम्युनोमोड्यूलेटर और कीमोथेरेपी जैसी प्रणालीगत कैंसर-रोधी थेरेपी मिली थी, उन लोगों से की जिन्हें ये थेरेपी नहीं मिली थी। उन्होंने यह भी पाया कि थ्रोम्बोम्बोलिक घटनाओं (टीईई) वाले रोगियों में आईसीयू में भर्ती होने की दर 46 प्रतिशत और यांत्रिक वेंटिलेशन की जरूरत की दर 31 प्रतिशत अधिक थी। टीईई वाले रोगियों में मृत्यु का जोखिम खराब शारीरिक क्षमताओं और सक्रिय या प्रगतिशील कैंसर से जुड़ा था।

# सूर्य के अध्ययन से मिलेगी अन्य आकाशगंगाओं के बारे में जानकारी : इसरो



सूर्य सबसे निकटतम होने के कारण अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन संभव

सवेरा न्यूज/एजैंसी

चेन्नई, 19 अगस्त : भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) गतिशील सूर्य का अध्ययन करने के लिए अपने पहले सौर खोज मिशन 'आदित्य एल1 उपग्रह ' के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है और आने वाले दिनों में इस मिशन के लिए पोलर सटैलाइट लांच व्हिकल (पीएसएलवी) को काम में लिया जाएगा। इसरो ने कहा कि सूर्य सबसे निकटतम तारा है और इसलिए अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। उसने कहा, 'सूर्य का अध्ययन करके हम अपनी आकाशगंगा के तारों के साथ-साथ विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं के तारों के बारे में भी बहुत कुछ जान सकते हैं।' इसरो ने कहा, 'सूर्य एक बहुत ही गतिशील तारा है और जितना हमें दिखाई देता है उससे कहीं अधिक फैला हुआ है। यह कई विस्फोटक घटनाएं दिखाता है और सौर मंडल में भारी मात्रा में ऊर्जा छोड़ता है। यदि ऐसी विस्फोटक सौर घटनाएं पृथ्वी की ओर निर्देशित होती हैं, तो यह पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष वातावरण में विभिन्न प्रकार की गड़बड़ी पैदा कर सकती हैं।' इसमें कहा गया है कि विभिन्न अंतरिक्ष यान और संचार प्रणालियां ऐसी गड़बड़ी से ग्रस्त हैं और इसलिए पहले से ही सुधारात्मक उपाय करने के लिए ऐसी घटनाओं की प्रारंभिक चेतावनी महत्वपूर्ण है। इनके अतिरिक्त, यदि कोई यदि कोई अंतरिक्ष यात्री सीधे ऐसी विस्फोटक घटनाओं के संपर्क में आता है, तो वह खतरे में पड़ सकता है। सूर्य पर विभिन्न तापीय और चुंबकीय घटनाएं अत्यधिक प्रकृति की हैं। इस प्रकार सूर्य उन घटनाओं को समझने के लिए एक अच्छी प्राकृतिक प्रयोगशाला भी प्रदान करता है जिनका सीधे प्रयोगशाला में अध्ययन नहीं किया जा सकता है।



मुंबई : कियारा आडवाणी ने ब्लैक कलर की बेहद स्टाइलिश ड्रैस में अपनी यह गॉर्जियस तस्वीर सोशल साइट्स पर शेयर की जिसे उनके फैंस ने खूब पसंद किया।

# पहली सोलर सिटी सांची बचाएगी 2.3 लाख वयस्क वृक्ष

- सालाना 13 लाख 747 टन कार्बनडाईऑक्साइड के उत्सर्जन में आएगी कमी



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

भोपाल, 19 अगस्त : मध्यप्रदेश की विश्व धरोहर सांची पहली सोलर सिटी होगी। सांची सोलर सिटी में की गई गतिविधियों से सालाना 13 लाख 747 टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आएगी। यह लगभग 2 लाख 3 हजार वयस्क वृक्षों के बराबर है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार 8 मेगावॉट की सांची सौर परियोजना में शासकीय एवं घरेलू भवनों पर 220 किलोवॉट सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित किए गए हैं। शासकीय विद्यालय, जिला सहकारी बैंक, पुलिस स्टेशन, स्कूल, घर, कृषि सभी सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। सौर ऊर्जा घरेलू, व्यावसायिक और कृषि विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी। शासन और नागरिकों के ऊर्जा संबंधी व्यय में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हर साल लगभग 7 करोड़ से अधिक की बचत होगी। ग्रिड कनेक्टेड सोलर संयंत्र से सांची शहर को 3 मेगावॉट और सांची ग्रामीण फीडर को 5 मेगावॉट बिजली दी जाएगी। शहर के नागरिकों को ऊर्जा के सदुपयोग एवं संरक्षण के प्रति व्यवहार में परिवर्तन के लिए ऊर्जा साक्षरता अभियान भी चलाया गया। सांची स्तूप पर आवागमन के लिए गोल्फ कॉर्ट की व्यवस्था की गई है। नागरिकों को भी इलैक्ट्रिक वाहनों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। वाहनों के लिए ई-रिचार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं।



मुंबई : एक फैशन मैगजीन के लिए आकर्षक अंदाज में फोटोशूट करवाती तापसी पन्नू।

# भंसाली की मुरीद हुईं कंगना रनौत



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

मुंबई, 19 अगस्त : एक्ट्रैस कंगना रनौत ने फिल्म निर्माता/निर्देशक संजय लीला भंसाली की प्रशंसा की है और उन्हें भगवान और लीजेंड कहा। कंगना ने इंस्टाग्राम पर एक नोट पोस्ट किया, जिसमें बताया गया कि कैसे वह फिल्म निर्माता द्वारा दी गई भूमिकाएं और नंबर नहीं ले सकीं। अभिनेत्री ने लिखाः 'एक कलाकार के रूप में मैं संजय लीला भंसाली की गहराई से प्रशंसा करती हूं, वह कभी भी सफलता या महिमा का दिखावा नहीं करते... वह इस समय फिल्म उद्योग में रहने वाले सबसे सच्चे कलाकार हैं... मैं किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानती जो सिनेमा से इतना प्यार करता हो और अपने जुनून से इतना प्रेरित हो... सबसे बढ़कर वह अपने काम से काम रखते है, वह लीजेंड है... मैं सिर्फ संजय सर से प्यार करती हूं... प्यार।'

# 'घूमर' के लिए अमिताभ ने की अभिषेक की तारीफ



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

मुंबई, 19 अगस्त : 'घूमर' में अभिषेक बच्चन के अभिनय को लेकर मेगास्टार अमिताभ बच्चन बेहद खुश हैं। बेटे की प्रशंसा करते हुए बिग बी ने कहा कि उन्होंने फिल्मों में एक के बाद जटिल किरदार निभाए हैं, जो अलग-अलग होते हुए भी बेहद प्रभावशाली हैं। 'घूमर' एक प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाज अनीना की कहानी है, जो एक दुर्घटना में अपना दाहिना हाथ खो देती है। एक असफल क्रिकेटर उन्हें नई आशा देता है। जो उसकी किस्मत बदलने के लिए उसे प्रशिक्षित करता है। अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने 'घूमर' को एक बेहतरीन फिल्म बताया। उन्होंने लिखा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि 'घूमर' एक बहुत ही बेहतरीन फिल्म है। मैं इसे एक पिता के रूप में और फिल्म इंडस्ट्री के सदस्य के रूप में कह रहा हूं। इतनी कम उम्र से अभिषेक इंडस्ट्री में हैं, आपने बेहद दृढ़ विश्वास, विविधता और आत्मविश्वास के साथ सबसे जटिल किरदार निभाए हैं। हर एक किरदार कठिन और अलग होते हुए भी बेहद प्रभावशाली हैं।' अमिताभ की पोस्ट पर बेटे अभिषेक ने जवाब दिया : 'लव यू पा।'

# मस्क एक्स से हटाएंगे ब्लॉक फीचर



**सवेरा न्यूज/एजैंसी, नई दिल्ली, 19 अगस्त** : एलन मस्क ने कहा है कि एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लॉक फीचर को हटाया जा रहा है और यूजर्स सीधे संदेशों (डीएम) को छोड़कर अन्य को ब्लॉक नहीं कर पाएंगे, इस कदम से कई यूजर्स नाराज हो गए। ब्लॉक साथी यूजर्स को किसी खाते के साथ बातचीत करने, देखने और उसका अनुसरण करने से प्रतिबंधित करता है। मस्क ने कहा, 'म्यूट फीचर अभी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रहेगा। टैक अरबपति ने एक अनुयायी को बताया, 'डीएम को छोड़कर, ब्लॉक को फीचर के रूप में हटाया जा रहा है।' जून में, मस्क ने कहा था कि ट्विटर को 'म्यूट के एक मजबूत रूप' के पक्ष में ब्लॉकिंग को हटा देना चाहिए। उन्होंने हमेशा ट्विटर ब्लू की सदस्यता लेने वाले यूजर्स के खिलाफ बड़े पैमाने पर अवरुद्ध अभियानों की शिकायत की।

# चिकनगुनिया वायरस के 'अदृश्य कवच' का पता चलने से टीका या इलाज का मार्ग हो सकता है प्रशस्त

'**यह वायरस मेजबान** कोशिका के साइटोस्केलटन को कब्जे में कर लेता है, साइटोस्केलटन एक प्रकार का प्रोटीन है जो कोशिकाओं को सहारा प्रदान करता है और अपना आकार बनाए रखने में सहयोग करता है। उसके बाद यह वायरस संक्रमित कोशिका में लंबे तंतुओं को निर्माण करता है जो असंक्रमित कोशिकाओं से संपर्क साधने में मदद करता है, इस तरह वायरस एक कोशिका से दूसरी कोशिका तक पहुंच जाता है।'



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

नई दिल्ली, 19 अगस्त : अनुसंधानकर्ताओं ने पाया है कि चिकनगुनिया ज्वर के लिए जिम्मेदार वायरस एक कोशिका से दूसरी कोशिका में फैलता है। इस खोज से, तेजी से फैलने वाली इस बीमारी का प्रभावी टीका या इलाज विकसित करने में मदद मिल सकती है। 'नेचर माइक्रोबायोलोजी' पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन से लंबे समय से चले आ रहे इस रहस्य के सुलझने की संभावना बन गई है कि कैसे यह वायरस रक्त में प्रवाहित एंटीबाडी से बच निकलता है। इस अध्ययन की मुख्य लेखक अमरीका के 'एल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मैडीसिन' की प्रोफैसर मारग्रेट कीलियान ने कहा, 'पहले माना जाता था कि चिकनगुनिया वायरस एक कोशिका को संक्रमित करता है और उस कोशिका के अंदर अपनी प्रतिकृति बनाता है तथा उसे रक्त में भेजता है एवं इस तरह वह नयी कोशिकाओं को भी संक्रमित करता है।' कीलियान ने कहा, 'लेकिन हमने पाया है कि यह वायरस मेजबान कोशिका के साइटोस्केलटन को कब्जे में कर लेता है, साइटोस्केलटन एक प्रकार का प्रोटीन है जो कोशिकाओं को सहारा प्रदान करता है और अपना आकार बनाए रखने में सहयोग करता है। उसके बाद यह वायरस संक्रमित कोशिका में लंबे तंतुओं को निर्माण करता है जो असंक्रमित कोशिकाओं से संपर्क साधने में मदद करता है, इस तरह वायरस एक कोशिका से दूसरी कोशिका तक पहुंच जाता है।' अनुसंधानकर्ताओं ने वायरस के कारण बनी इस संरचना को अंतर-कोशिकीय विस्तार नाम दिया है।

# वैज खाना, पूरी नींद, कसरत और सोशल लाइफ आपको लंबे समय तक जिंदा रखेगा

सही जीवनशैली से मृत्यु का जोखिम 28% तथा कैंसर का जोखिम 29% कम होता है



**सवेरा न्यूज/एजैंसी**

न्यूयॉर्क, 19 अगस्त : कम नमक और चीनी के साथ वैज खाना, पर्याप्त आराम, थोड़ी कसरत और सोशल लाइफ मृत्यु का जोखिम 28 प्रतिशत और कैंसर का जोखिम 29 प्रतिशत कम करता है। एक नए शोध में ये पाया गया है।

यूके में जो लोग भूमध्यसागरीय जीवनशैली यानि मैडीटेरेनियन लाइफस्टाइल का पालन करते हैं, उनमें सभी कारणों और कैंसर से मृत्यु दर का जोखिम कम पाया गया।

शोधकर्ताओं ने यूके बायोबैंक समूह के 110,799 सदस्यों की आदतों का विश्लेषण किया, जो इंगलैंड, वेल्स और स्कॉटलैंड में भूमध्यसागरीय जीवन शैली (मेडलाइफ) का उपयोग करते हैं।

शोध लिखने वाले प्रमुख लेखक मर्सीडीज सोतोस प्रीतो ने कहा, मैड्रिड के स्वायत्त विश्वविद्यालय (एयूएम) और हार्वर्ड टी.एच. चैन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के अध्ययन में सुझाव है कि गैर-भूमध्यसागरीय आबादी के लिए स्थानीय रूप से उपलब्ध उत्पादों का उपयोग कर भूमध्यसागरीय आहार को अपनाना संभव है।

हार्वर्ड चैन स्कूल में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के सहायक सहायक प्रोफेसर प्रीटो ने कहा, 'हम जीवनशैली में परिवर्तन और स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभाव देख रहे हैं।'

## अध्ययन में 40 से 75 वर्ष के लोगों को शामिल किया गया



**अध्ययन में प्रतिभागियों** की उम्र 40 से 75 वर्ष के बीच थी। उन्होंने सूचकांक द्वारा मापी गई तीन श्रेणियों के अनुसार अपनी जीवनशैली के बारे में जानकारी प्रदान की। भूमध्यसागरीय भोजन की खपत, भूमध्यसागरीय आहार संबंधी आदतें और शारीरिक गतिविधि, आराम, और सोशल लाइफ। अध्ययन में शामिल लोगों में से, 4,247 का किसी न किसी बीमारी से निधन हो गया। 2,401 कैंसर से, और 731 हृदय रोग से मारे गए। शोधकर्ताओं ने भूमध्यसागरीय लाइफस्टाइल के पालन और मृत्यु दर के जोखिम के बीच एक विपरीत संबंध देखा। भूमध्यसागरीय लाइफस्टाइल का स्वतंत्र रूप से पालन सभी कारणों और कैंसर मृत्यु दर के जोखिम को कम करने से जुड़ा था। शोधकर्ताओं ने कहा, 'शारीरिक गतिविधि, आराम, और सोशल लाइफ कम जोखिम सबसे मजबूती से जुड़ा हुआ था, और इसके अलावा हृदय रोग मृत्यु दर का जोखिम भी कम था।

